**आज का मौसम**

सोमवार को तापमान कुछ अधिक रहने के साथ धूप खिली रहने की संभावना है। हालांकि 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

| 24.0° | 9.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 47 | सूर्यास्त 05 : 16 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# विद्युत विभाग: विच्छेदन के 11 साल बाद आरसी जारी

**मनमानी**

- विभाग के खिलाफ हैं तमाम शिकायतें, अधिकारी नहीं करते हैं जल्द काम
- मां के नाम कनेक्शन उसके बाद भी बिजली चोरी की रिपोर्ट व नोटिस देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बिजली विभाग) के खिलाफ तमाम शिकायतें हैं। कई कनेक्शनधारक खासे परेशान हैं लेकिन उनकी समस्या का हल नहीं किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए हैं जिससे अधिकारियों व कर्मियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 11 साल पहले एक व्यक्ति ने बिजली कनेक्शन का स्थायी विच्छेदन कराया और बकाया जमा किया। अब कई गुना आरसी जारी कर दी गई है। इसकी शिकायत हुई है।

तहसील सदर कन्नौज क्षेत्र के आसकरनपुर्वा गांव निवासी बृजेश कुमार ने बताया कि उसके नाम एक किलोवाट का घरेलू बिजली कनेक्शन था जिसका स्थायी विच्छेदन 30 जून 2014 को करा दिया गया। उसी दिन बिजली बिल बकाया 1503 रुपये, 150 रुपये विच्छेदन शुल्क व अन्य खर्च 90 रुपये कुल 1743 रुपये जमा किया गया और पीडी रसीद भी मिल गई। उन्होंने बताया कि अब 11 वर्ष बाद विच्छेदन कनेक्शन पर भी 54,328 रुपये की वसूली आरसी जारी हो गई। विभाग की ओर से अन्याय पूर्ण दबाव बनाया जा रहा है जिससे वह परेशान है। इसी तरह विकास खंड जलालाबाद के निकट स्थित देवीपुर्वा गांव निवासी महादेव, इंद्रेश व बालमुकुंद ने बताया कि उनकी माता नन्हीं देवी के नाम से घरेलू बिजली कनेक्शन है। बिल लगातार जमा करते आ रहे हैं इसके बाद भी बिजली चोरी का नोटिस जारी कर दिया गया। फरियादियों ने बताया कि नोटिस वापस लिया जाना न्याय हित में जरूरी है। कहा कि नोटिस वापस करने के लिए सक्षम अधिकारी को निर्देश दिए जाएं। साथ में वह आदेश भी संलग्न किया है जो अधिशाषी अभियंता ने बालमुकुंद को भेजा है। एक्सईएन ने इसमें कहा है कि पुलिस प्रवर्तन दल एंटी पावर ने दिसंबर 2024 में निरीक्षण कर अवैध केबिल से 1.176 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी। इसी के तहत थाना एंटी पावर थेफ्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। रिपोर्ट मिलने के बाद राजस्व निर्धारण 27,027 रुपये और शमन शुल्क 8 हजार रुपये जमा करने को कहा गया है। यह भी बताया गया है कि आगे कड़ी कार्रवाई होगी।

### घरेलू कनेक्शन के बाद भी कामर्शियल दिखाया और बढ़ा बोझ

- जसपुरापुर सरैया के निकट स्थित परसपुर गांव निवासी रमेश चंद्र ने बताया कि उसके नाम से घरेलू बिजली कनेक्शन है लेकिन विभाग ने उसे कामर्शियल कर दिया है। इससे बिल ज्यादा आता है। घरेलू उपयोग होने के बाद भी ऐसा किया गया है। इसे संशोधन कराने की मांग हुई है। सतौरा गांव निवासी धीरेंद्र कुमार की पत्नी पूनम देवी ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि घर की छत से 440 वोल्ट की लाइन निकाली है। इसकी शिकायत कई बार विभाग में कर चुकी है लेकिन लाइन को अब तक नहीं हटाया गया है जिससे परिवार व छोटे बच्चे खतरे में जीवनयापन कर रहे हैं।

### खराब बॉक्स से आए दिन गुल रहती बिजली

- सरायमीरा तिर्वा रोड निवासी गणेश चंद्र त्रिपाठी, रामू पाल, रामजीवन तिवारी, आयुष दुबे, सनी, गौरव व सर्वेश गुप्ता ने शिकायती पत्र देकर बताया कि घर के निकट बिजली वितरण प्वाइंट का बॉक्स लगा है। इससे करीब 10 परिवारों के यहां कनेक्शन हैं। बॉक्स खराब हालत में हैं जिससे आए दिन बिजली गुल रहती है। मरम्मत कराने के लिए कई बार विभाग में कहा लेकिन ध्यान नहीं दिया गया है। आए दिन बिजली आपूर्ति खराब हो जाती है।

# पुलिस ने की होटलों के फायर सिस्टम की जांच



फायर सिस्टम को देखते फायर सर्विस के लोग व कोतवाल। अमृत विचार

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस व फायर सर्विस की टीमों ने नगर के सभी होटलों में फायर सेफ्टी सिस्टम की गहन जांच की। फायर एक्सटिंग्विशर, अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर और आपातकालीन निकासी मार्ग को बारीकी से परखा। कोतवाल विष्णु कांत तिवारी ने बताया कि किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है। होटल संचालकों को फायर सिस्टम को हमेशा चुस्त-दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस बल के साथ रीडर्स फायरमैन ओमबीर सिंह व सिपाही सचिन पांडेय मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बंटवारे के विवाद में भाई पर फायरिंग

**छिबरामऊ।** बंटवारे के विवाद मे दो भाई आमने सामने आ गए। बात बढ़ी तो एक भाई ने दूसरे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गया। बाद में पुलिस ने आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। घटना विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में हुई। भौराजपुर गांव निवासी सौरभ चतुर्वेदी ने पुलिस से की शिकायत में आरोप लगाया कि उसका भाई सत्यम के साथ बंटवारे का विवाद है। शनिवार की देर शाम इसी बात को लेकर भाई घर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर उसने जान से मारने की नीयत से उस पर चार राउंड फायरिंग कर दी। इस पर पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस बुला ली लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गया। थानाध्यक्ष भागमल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार तिवारी आदि की टीम ने आरोपी सत्यम को गिरफ्तार कर लिया। उससे एक देशी तमंचा 12 बोर, दो खोखा तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### 11,000 निशान यात्रा पर जताया आभार

**छिबरामऊ।** नगर में 11,000 से अधिक निशानों के साथ शुक्रवार को निकली खाटू श्याम बाबा की ऐतिहासिक शोभा यात्रा सकुशल संपन्न होने पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने सभी श्याम भक्तों, समिति के पदाधिकारियों, शुभचिंतकों तथा पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। कहा, यह सफलता केवल हमारी नहीं, बल्कि लाखों श्याम प्रेमियों की अटूट श्रद्धा और बाबा श्याम के प्रति अगाध भक्ति का परिणाम है। अगले वर्ष यह आयोजन और भी विशाल होगा।

### कल से तिर्वा में होगी विधायक खेल स्पर्धा

**कन्नौज।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से 09 व 10 दिसंबर को तिर्वा के बहादुरपुर गांव स्थित स्वामी गिरीशानंद पीजी कॉलेज के खेल मैदान में विधायक खेल स्पर्धा होगी। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंशिता श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत कबड्डी, कुश्ती, बॉलीवाल, भारोत्तोलन व एथलेटिक्स की महिला व पुरुष दोनों ही वर्गों में प्रतियोगिताएं होंगी।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक घायल

## सौरिख-कुसमरा मार्ग पर परौर के पास दुर्घटना , पुलिस पिकअप की तलाश में जुट गई

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस पिकअप की तलाश में जुट गई।

रविवार को मैनपुरी जनपद के थाना किशनी के गांव ऊंचा इस्लामाबाद निवासी योगेश कुमार पुत्र सुरेश चंद्र (24), आनंद कुमार पुत्र विनोद कुमार (18), आकाश कुमार पुत्र शैलेंद्र कुमार (25) बाइक से अपने-अपने कपड़े खरीदने सौरिख आए थे। दोपहर दो बजे के करीब सभी गांव जा रहे थे। सौरिख-कुसमरा मार्ग पर परौर गांव के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे योगेश एवं आनंद की मौत हो गई। आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया जहां योगेश, आनंद को डॉक्टर ने मृत घोषित किया तथा आकाश को प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही योगेश की मां सरोज देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। दोनों मृतक युवकों की अभी शादी नहीं हुई थी जबकि आकाश शादीशुदा है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**चार बहनों में अकेला था आनंद :** सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ आनंद चार बहनों में सबसे छोटा था। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां बाप और बहनों का सहारा चला गया।


अस्पताल में भर्ती घायल आकाश। अमृत विचार


अस्पताल के बाहर मौजूद मृतकों के परिजन। अमृत विचार


योगेश व आनंद की फाइल फोटो।

### फुफेरी बहन के तिलक में जाने की थी तैयारी

- योगेश की बुआ बेबी देवी की पुत्री का रविवार को तिलक जाना था। इसको लेकर ही योगेश समेत तीनों लोग नए कपड़े खरीदने आए थे लेकिन लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिवार एवं नाते रिश्तेदार हर कोई सौरिख अस्पताल को दौड़ पड़ा।

# चालक को झपकी आई ट्रक से टकराई कार, दंपति घायल

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** लखनऊ से देहरादून जाते समय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चालक को झपकी आ गई। इससे अनियंत्रित होकर कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार चालक व उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। अधिकारियों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भेज दिया।

जनपद लखनऊ के तेलीबाग निवासी योगेश पुत्र सोवरन सिंह (35) अपनी पत्नी स्वाती (32) के साथ अपनी ब्रेजा कार से रविवार को देहरादून जा रहे थे। सुबह 10 बजे के करीब इनकी कार आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे किलोमीटर संख्या 159 पर पहुंची तभी चालक योगेश को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। घटना में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंचे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह एवं सेफ्टी टीम ने घायलों को कार से निकाल कर एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भेज दिया। यहां से स्वाती को डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सुरक्षा अधिकारियों ने दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन से हटाकर टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया गया।


एक्सप्रेस वे पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

- लखनऊ से देहरादून जाते समय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हादसा

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**तिर्वा।** ठठिया मानीमऊ मार्ग पर रविवार को आमने-सामने दो बाइकें टकरा गईं। दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल भेजा गया।

नीरज पुत्र राधेश्याम निवासी भदौसी बाइक से रविवार को घर लौट रहा था, तभी ठठिया थाना क्षेत्र के सिमुआपुर गांव के पास सामने से आ रहे कौशलेंद्र पुत्र राजेंद्र की बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और कौशलेंद्र लहूलुहान हो गया। कौशलेंद्र पिज्जा की ठेली लगाने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में हादसा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल कौशलेंद्र को जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे की खबर मिलते ही कौशलेंद्र के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्हें देखकर नीरज आपा खो बैठा और उनसे मारपीट करने लगा। इस घटना के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी बीच-बचाव करने के बजाय तमाशाबीन बने रहे। थानाध्यक्ष देवेश पाल ने बताया कि यदि किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर दी जाती है, तो पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

# अनूठी होगी पालिका की कान्हा गौशाला

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर में फर्रुखाबाद रोड पर हाजी मुंशी जमील अहमद ईंट भट्ठा के पीछे एक करोड़ 65 लाख रुपये से नगर पालिका की कान्हा गौशाला बन रही है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे का दावा है कि यहां विकसित की जा रही सुविधाओं से यह सबसे अनूठी गौशाला होगी।

रविवार को स्थलीय निरीक्षण के दौरान बताया कि गौशाला के लिए वर्ष 2019 में बजट स्वीकृत हुआ था लेकिन निर्माण शुरू नहीं हो पाया। अब बनाया जा रहा है लेकिन 2019 के मुकाबले 2025 में हर सामान की कीमत काफी बढ़ चुकी है। कोई ठेकेदार घाटा उठाने को तैयार नहीं था। फिर एक ठेकेदार ने हिम्मत जुटाई और धार्मिक आस्था के कारण निर्माण शुरू कर दिया। गौशाला में पांच शेड बनाए गए हैं। हर शेड में 26 पंखे दानदाताओं की ओर से लगवाए जाएंगे। गोवंशों के नहाने के लिए रैंप वाला तालाब बनाया जा रहा है और बाउंड्री वॉल के सहारे पौधारोपण किया गया है। बायोगैस संयंत्र बनाकर गाय के गोबर से चलाया जाएगा। प्रवेश द्वार के पास ही केयरटेकर एवं डॉक्टर के लिए क्वार्टर और टॉयलेट बनाया जा रहा है। कान्हा गौशाला के पास ही ग्राम दिलू नगला की जमीन है।


कान्हा गौशाला के बारे में जानकारी देते चेयरमैन मनोज दुबे। अमृत विचार

### छीनी नकदी, मोबाइल व बाइक

**गुरसहायगंज।** राजपुर करना निवासी मेघसिंह ने नकदी, मोबाइल बाइक छीनने का आरोप लगाया।

कहा है कि वह 10 जून 2025 की शाम हरदोई के शहबाजपुर ग्राम खजुरियनपुर्वा में 86 डिसमिल भूमि का बैनामा कराकर बाइक से घर लौट रहा था। उसके साथ दोस्त सुरेश चन्द्र भी था। तभी रंजिश के चलते गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के अजन्ती लाल, कश्मीर सिंह ने अपने अज्ञात साथी के साथ भवानीपुर के निकट उसे धक्का मार कर बाइक से गिरा दिया। । बैग से 35 हजार रुपये, खेत के कागज, मोबाइल फोन व बाइक छीन कर धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को जमा कराएं : पूर्व विधायक

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** पूर्व विधायक ने मतदाताओं को विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी देकर मतदाताओं को जागरूक किया। सभी मतदाताओं से फॉर्म भरकर बीएलओ को अवश्य जमा करने की अपील की।

रविवार को पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने तालग्राम चौकी के निकट स्थित रैन बसेरा में चेयरमैन मोहसिन खान उर्फ जानू के नेतृत्व में मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण की जानकारी दी। कहा कि 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने पर भी फार्म अवश्य भरें। भविष्य में मतदाता पहचान पत्र के लिए केवाईसी अनिवार्य होगी। यह अभियान मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने का प्रयास है। इस दौरान जिला अध्यक्ष कलीम खा, उमेश पाल, जानू खान, प्रताप सिंह यादव, राशिद फारूकी, संतोष गुप्ता, रिपू यादव, अजीम सिद्दीकी, पूरनमल शाक्य, तहसीम खान, जितेंद्र प्रजापति, अर्पित शुक्ला, गौरव पटेल आदि लोग मौजूद रहे।


मतदाताओं को जागरूक करते पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव। अमृत विचार

# समाजसेवी संस्था सन्मार्ग ने दिलाई 124 मरीजों को नई रोशनी

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** इत्रनगरी के बाशिंदों की सेवा वीणा उठाए शहर की समाजसेवी संस्था संमार्ग लगातार पुण्य के कामों में आगे की ओर बढ़ रही है। इसी कड़ी में रविवार को लगे निःशुल्क नेत्र शिविर में बड़ी संख्या में आंखों की समस्या से परेशान मरीज समाधान पाने संमार्ग के शिविर में पहुंचे।

रविवार को शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज परिसर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। 163 पुरुष और 155 महिलाओं का पंजीकरण के बाद परीक्षण किया गया। कानपुर के शंकर आई हॉस्पिटल से आए यूनिट हेड राहुल सिंह, डॉ. पीनल, गौरव सिंह, शनद पांडेय, मीना, पूजा, अंजू और अमित कुमार की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। 124 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले, जिनकों को बसों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। ऑपरेशन के साथ मरीजों के रहने और खाने पीने की पूरी निःशुल्क व्यवस्था संमार्ग की ओर से की गई। शिविर में अतिथि के रूप में पहुंचे इत्र कारोबारी विपिन दीक्षित और सेंट जेवियर्स स्कूल के मैनेजर सुनील सिंह ने का संमार्ग के सदस्यों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संमार्ग ने 124 मरीजों को नई रोशनी दिलाने का काम किया है। कार्यक्रम में सन्मार्ग संस्था के अध्यक्ष सर्वेश दुबे , सोम प्रकाश शुक्ला विजय तिवारी, आदित्य मिश्रा, अमित मिश्रा सुनील दुबे, राजेश शुक्ला,, देवेश तिवारी, अविनाश आदि रहे।


नेत्र शिविर का शुभारंभ करते समाजसेवी विपिन दीक्षित, साथ में रंजन बाजपेई व अन्य।

- रविवार को शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज में लगा निःशुल्क नेत्र शिविर
- 318 मरीजों ने करवाया पंजीकरण,124 हुए ऑपरेशन को चिन्हित

**अमृत विचार एक्सक्लूसिव**

**शासन से मांगा गया था 36 भवनों का बजट, 26 हुए स्वीकृत**

# पूर्ति विभाग खुद के बजट से बनवाएगा 26 अन्नपूर्णा भवन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अभी तक मनरेगा के तहत अन्नपूर्णा भवन (राशन वितरण की दुकान) का निर्माण कार्य कराया जाता रहा है लेकिन अब पूर्ति विभाग खुद निर्माण कराएगा। इतना ही नहीं जनपद में 36 के सापेक्ष 26 भवनों के निर्माण का 50 फीसदी बजट भी मिल गया है। ग्राम पंचायतों का चयन कर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अनुमोदन भी दे दिया है।

जनपद की ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) के तहत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य पूरा कराया गया है। कार्डधारकों को राशन वितरण भी हो रहा है। कई स्थानों पर निर्माण कार्य चल भी रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि विभागीय बजट से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में नवीन अन्नपूर्णा भवन निर्मित कराए जाने के लिए ग्राम पंचायतों का चयन हो गया है। निर्माण कार्य भी जल्द शुरू कराया जाएगा। इससे पहले संबंधित प्रधान व ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक होगी। साथ भी कार्य योजना भी मांगी जा रही है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य की लागत 08 लाख 46 हजार 246 रुपये है।

जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि उन्होंने 36 भवनों का प्रस्ताव बनाकर भेजा है जिसके सापेक्ष 26 का स्वीकृत होकर 50 फीसदी बजट 01 करोड़ 10 लाख 1198 रुपये भी मिल गए हैं।


विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के सांड़ा–सरहटी में बना अन्नपूर्णा भवन। अमृत विचार

### इन स्थानों पर बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

- विकास खंड छिबरामऊ इलाके की ग्राम पंचायत जगदीशपुर, करनौली, जसुआमई, खानपुर चौबे।
- विकास खंड तालग्राम क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमोलर, नरुइया, तमिआमऊ, मौरा व लाडपुर।
- सौरिख ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरौली व बटेला।
- उमर्दा विकास खंड इलाके की ग्राम पंचायत बढ़नपुर वीरहार, करौंदा शाहनगर, भखरा, मलिहापुर, बोहसोरा व सिरसा।
- हसेरन ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ऐराहो व खिरिया।
- कन्नौज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाईपुर, देवधरापुर व पचोर।
- जलालाबाद विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोधनी, अनौगी व विसंधुआ।
- गुगरापुर विकास खंड इलाके की ग्राम पंचायत माछा।

“26 अन्नपूर्णा भवनों के लिए वर्तमान में 50 फीसदी बजट मिल गया है। स्लैब तक निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दूसरी किस्त भेजी जाएगी। मनरेगा से 82 अन्नपूर्णा भवनों का पहले ही निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे राशन वितरण में सहूलियत के साथ ही ग्रामीणों को भी राहत मिल गई है। खाद्यान्न लेने का एक निश्चित स्थान भी हो गया है।

राजीव मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी



अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 8 दिसंबर 2025
कन्नौज-फर्रुखाबाद

# होमगार्ड के घर घुसे चोर, ले गए 18 लाख का माल

## मानीमऊ चौकी के मधुपुर गांव की घटना, बंद कर दी थीं कमरों की कुंडियां, सुबह जागे परिजन तो खुद को कैद पाया

संवाददाता मानीमऊ

**अमृत विचार।** चौकी क्षेत्र के मधुपुर गांव में चोरों ने होमगार्ड के घर में घुसकर 18 लाख रुपये से अधिक के सोने चांदी के जेवर समेत नकदी पार कर दी। घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने परिवार के लोगों के कमरों की कुंडियां बाहर से लगा दीं और फिर चोरी कर आराम से निकल गए। घटना की जानकारी तब हुई जब घर के लोग सुबह सोकर उठे और खुद को कमरों में बंद पाया। किसी तरह से बाहर आए तो सब कुछ चोरी जा चुका था।

सदर कोतवाली के मानीमऊ चौकी क्षेत्र मधुपुर गांव निवासी होमगार्ड विमलेश कुमार कन्नौज जिला मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी के बंगले पर तैनात है। शनिवार दिन में ड्यूटी कर शाम को घर आ गया था। रात में परिवार के सभी लोग सो गए। इसके बाद किसी समय घर के पिछले दरवाजे से घुसे। विमलेश ने बताया 29 नवंबर को पुत्र की शादी हुई थी। शनिवार रात में वह और पत्नी रानी देवी एक कमरे में सोए थे। मेरे दो पुत्र विकास, अनुराग और उनके मामा दूसरे कमरे में सोए थे। सुबह वह शौच के लिए उठा तो उसका कमरा बाहर से बंद था। बाद में पता चला कि पुत्रों के कमरों की भी कुंडी लगी है। किसी तरह से वे लोग कुंडी खुलवाकर बाहर आए तो दखा कि दूसरे कमरे में अलमारी और बक्से टूटे पड़े थे।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान व नमूने जुटाती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

- विमलेश ने बताया 29 नवंबर को पुत्र की शादी हुई थी
- पुत्र की शादी के कारण बहू व अन्य का जेवर रखा था

घर में पुत्र की शादी के कारण बहू के अलावा पत्नी का और अन्य पुराना जेवर भी रखा था। सारा का सारा चोर ले गए। बताया कि चोर शादी के बाद विभिन्न मदों में भुगतान को रखे 2.70 लाख रुपये नगद भी ले गए। करीब 16 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर भी ले गए। उसने पुलिस को जानकारी दी। इसक बाद मौके पर पहुंचे मानीमऊ चौकी प्रभारी आलोक प्रताप सिंह, फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से गांव में दहशत का माहौल है, जबकि पीड़ित परिवार सदमे में है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।


होमगार्ड के घर की छत पर खाली पड़े जेवर के बॉक्स व मौजूद पुलिस।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### लायंस क्लब के नेत्र शिविर का शुभारंभ

**कायमगंज।** कायमगंज में लायंस क्लब के 48वें नेत्र शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने किया। यह शिविर रविवार को जौरा रोड स्थित लायंस विद्या निकेतन में आयोजित किया गया। इसमें 410 नेत्र रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया, जिनमें से 310 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चुना गया। सीतापुर आंख अस्पताल के चिकित्सक राहुल वर्मा और उनकी 12 सदस्यीय टीम ने इन मरीजों का परीक्षण किया। चयनित रोगियों के ऑपरेशन कानपुर के सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में कराए जाएंगे। संस्था की अध्यक्ष डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब पिछले 48 वर्षों से लगातार ऐसे नेत्र शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों में फर्रुखाबाद के अलावा हरदोई, बदायूं, एटा और मैनपुरी जैसे जनपदों से भी नेत्र रोगी ऑपरेशन के लिए आते हैं। डॉ. अग्रवाल ने यह भी बताया कि कायमगंज लायंस क्लब को नेत्र शिविरों के आयोजन के लिए लायंस इंटरनेशनल द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सेवा पूरी तरह नि:शुल्क है, जिसमें मरीजों और उनके तीमारदारों के रहने, खाने-पीने और इलाज की व्यवस्था शामिल है।

### हादसे में घायल किशोर ने तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को हुए सडक़ हादसे में घायल किशोर की शनिवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। मसेनी चौराहा के पास डंपर और बोलेरो की टक्कर में यह किशोर गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस हादसे में पहले भी एक मृतक की पहचान अमृतपुर थाना क्षेत्र के कुम्हरौर गांव निवासी 17 वर्षीय गोविंद के रूप में हुई है। गोविंद रामनिवास महाविद्यालय में बीएससी का छात्र था। गोविंद को टक्कर के बाद गंभीर हालत में बरेली में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक चले उपचार के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। शनिवार रात परिजन उसे लोहिया अस्पताल लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोविंद का शव लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

### जमीन के विवाद में ग्रामीण को पीटा

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के चदोखा गांव में जमीन के विवाद के चलते एक ग्रामीण को फावड़े और लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सिर में गंभीर चोट लगने से घायल कर दिया गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उसे राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है।यह घटना चदोखा गांव में हुई, जहां हमलावरों ने जमीन के विवाद के चलते ग्रामीण पर हमला किया। इस हमले में फावड़े और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया, जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल ग्रामीण को तत्काल राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टर हिमांशु राजपूत ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी, जिसके आधार पर राजेपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि जमीन के विवाद में मारपीट हुई है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** शहर के बढ़पुर क्षेत्र में एक युवक बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के हथियापुर गांव निवासी छंगा पैदल सब्जी लेने बाजार जा रहा था। हथियापुर गांव के पास ही एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में छंगा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि घायल युवक की हालत गंभीर है और उसका इलाज शुरू कर दिया गया है।

### योग सीखकर जाना स्वस्थ जीवन का रहस्य

**छिबरामऊ।** पंडित कन्हैयालाल अग्निहोत्री इंटर कॉलेज चियासर में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से नवमानवतावाद, ध्यान-योग एवं आसनों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ रहने के लिए योग की बारीकियां सीखीं। मुख्य प्रवक्ता आनंद मार्ग के आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत जी ने बच्चों को कौमार भ्रंशासन, सर्वांगासन, मत्स्येंद्रासन सहित कई महत्वपूर्ण आसन सिखाए तथा बताया कि नियमित अभ्यास से स्मरण शक्ति बढ़ती है और शरीर निरोगी रहता है। अभिनव त्रिपाठी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है।

### धान लदी डीसीएम चोरी का प्रयास

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर गांव में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात धान से भरे दो लोडरों की चोरी का पुलिस अभी तक खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि शनिवार देर रात चोरों ने पुलिस चौकी से मात्र दो सौ कदम की दूरी पर धान लदी डीसीएम चुराने की कोशिश की।खैरनगर निवासी जितेंद्र सिंह धान की खरीद-फरोख्त का व्यापार करते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को उन्होंने अपनी डीसीएम में धान लोड करवाकर घर के बाहर खड़ा किया था। देर रात करीब तीन बजे वाहन स्टार्ट होने की आवाज सुनकर वह बाहर निकले तो देखा कि बाइक सवार दो चोर डीसीएम ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। शोर मचाने पर आसपास के लोग जाग गए, जिसके बाद चोर अपनी बिना नंबर की बाइक छोड़कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष देवेश पाल ने बताया कि बिना नंबर की बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक का सिर मूंड़ कर गांव में घुमाया

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को छेड़छाड़ के आरोप में युवती के परिजनों द्वारा युवक के साथ की गई अमानवीय हरकत का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती के परिवार वालों ने कनेकपुरवा निवासी युवक को पकड़कर पहले उसकी पिटाई की, फिर सिर मुंड़वाकर पूरे गांव में घुमा दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पीड़ित युवक ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और उसके साथ बेवजह मारपीट कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। युवक ने युवती के चार भाइयों सहित अन्य लोगों पर अभद्रता, मारपीट और जबरन सिर मुंड़वाने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। एसपी विनोद कुमार ने घटना को गंभीरता से लेते हुए सदर सीओ सिटी को जांच सौंपी है। पुलिस का कहना है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

# हमेशा सत्य की राह पर चलते हैं संत और सत्संग

संवाददाता गुरसहायगंज

अमृत विचार। जब हम गुरुमत में चलते है, गुरु के आदेशानुसार जीवन जीते है। तब हमे गुरु की कृपा से ब्रह्मज्ञान मिलता है। लेकिन इस ब्रह्मज्ञान को संभाल के रख पाना बहुत ही कठिन कार्य होता है। जिसने इसको संभाल लिया उसका जगत में नाम रोशन हो जाता है।

यह विचार रविवार को नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित संत निरंकारी सत्संग में महात्मा विश्राम सागर ने व्यक्त किए। कहा कि संत और सत्संग हमेशा सत्य की राह पर चलते हैं। सत्य की राह में शुरुआत में कुछ परेशानियां आती हैं लेकिन बाद में यह रास्ता बहुत सुनहरा होता चला जाता है। व्यक्ति को गुरु के बताए रास्ते पर चलकर उनके आदर्शों और धर्म परक मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान महिला पुरुष सत्सगी मौजूद रहे।


सत्संग का श्रवण करते भक्त। अमृत विचार

# महिला से छेड़छाड़, मारपीट व लूटपाट में चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली में महिला ने तीन भाइयों समेत चार लोगों पर न्यायालय के आदेश से छेड़छाड़, मारपीट व लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र निवासी महिला ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 04 नवंबर की देर शाम करीब पौने नौ बजे को पड़ोस की रहने वाली मां बेटी के घर में घुसकर आरोपी आरिफ, गासिम, कासिम पुत्रगण अजमेरुद्दीन व गुड्डू पुत्र अज्ञात निवासी अरौल जिला कानपुर कर रहे थे। उसने बीच बचाव कर 112 नंबर पर काल कर पुलिस बुला ली। इससे नाराज होकर चारों ने उसके घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट कर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं की गई जिससे आरोपियों की हिम्मत बढ़ गई। 14 नवंबर को सुबह 9 बजे जब पति आलू की गढ़ाई करने खेत गया था तब आरोपी हाथ में लाठी डंडा व कुल्हाड़ी-तमंचा लेकर घर में घुस आए और सके साथ अश्लील हरकतें करते हुए मारापीटा। आरिफ ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। बचाने आए पुत्रों को भी पीटा और घर में रखे सोने के जेवर, अंगूठी, चांदी की पायल व 20 हजार रुपये लेकर चले गए। सूचना पर पहुंचे पति ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मजरूबी चिट्ठी न होने से समुचित इलाज नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के कहने पर पति जब थाने पर गया तो उसे लॉकप में बंद कर चालान कर दिया। कहा कि लूट की घटना हटा दो तभी मामला दर्ज किया जाएगा और मजरूबी चिट्ठी भी दी जाएगी। अन्यथा की स्थिति मे जेल भेजने की धमकी दी। आरोप लगाया कि पुलिस मुल्जिमों से आर्थिक लाभ प्राप्त कर चुकी है, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बच्चों के विवाद में महिला से मारपीटः फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के बुडून की मड़ैया में बच्चों के बीच हुए विवाद की शिकायत करने गई एक महिला के साथ परिवारजनों ने मारपीट की, इस हमले में महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि महिला के साथ मारपीट की घटना की जांच की जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से पड़ताल कर रही है।

# रुपयों का लालच देकर धर्मांतरण का आरोप

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** ठठिया थाना क्षेत्र के करसाह गांव में सीधेसादे व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का धर्मांतरण कराने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी पर पहुंचे बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मौके पर हंगामा किया। सूचना देकर पुलिस बुलाई तो उसे तीन लोगों को पकड़ लिया और पूछताछ शुरू कर दी है।

घटनाक्रम के अनुसार बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अन्नू बाबा, जिला गौ-रक्षा प्रमुख आलोक राजपूत और नगर सहसंयोजक अनिकेत गुप्ता को रविवार दोपहर जानकारी मिली कि करसाह गांव के एक घर में मिशनरी के लोग लोगों को बरगलाकर धर्म परिवर्तन कराने का काम करने में जुटे हैं। इस पर उक्त लोग मौके पर पहुंच गए हंगामा करते हुए मामले की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने पहुंचकर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। अन्नू बाबा ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि तीन साल पहले करसाह गांव के तीन लोग ईसाई बन गए थे। उन लोगों ने ही गांव के एक घर में 25 से अधिक पुरुष-महिलाओं तथा लगभग 10 बच्चों को इकट्ठा किया था। ये लोग उन्हें रुपये और अन्य प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। आरोप है कि सरकारी जमीन पर बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के चर्च भी बना रखा है।बजरंग दल पदाधिकारियों ने विधिक कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष देवेश पाल ने बताया कि घर की तलाशी ली गई, लेकिन मौके पर धर्मान्तरण संबंधी कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले। तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

# किसानों की समस्याओं पर15 को होगा बड़ा प्रदर्शन :अजय कटियार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने रामपुर ढपरपुर में एक पंचायत कर वहां के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर 15 दिसम्बर को बड़ा धरना प्रदर्शन करने का एलान किया।

जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि राष्ट्रीय आवाहन पर जो प्रत्येक माह 15 तारीख को तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उसी में इन गांवों की समस्या को देखते हुय सदर तहसील सदर प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा रामपुर ढपरपुर और निकट के ग्रामों में शहर के गंदे नाले का पानी छोड़ जाता है जिससे वहां के ग्रामीणों का जीवन दूबर हो गया है और उन्हीं नालों की सिल्ट निकाल करके नालों के बाहर डाल दी जाती है जिससे अत्यंत दुर्गंध पूरे क्षेत्र में फैलती है संक्रमण भी फैलता है। बच्चों और बड़े बुढो को इससे बहुत ही दिक्कतें होती हैं सांस लेने की परेशानियां हो रही हैं।


किसानों को संबोधित करते भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार।

यह क्षेत्र सब्जियों के लिए जाना जाता है। इस दुर्गंध भरे वातावरण में किसान को सब्जियां उगाने में दिक्कतें होती हैं और खेतों में शहर का गंदा पानी जाता है जिससे खेती किसानी में भी दिक्कतें होती हैं। कटियार ने कहा कि यदि 15 दिसंबर से पहले जो नालों से सिल्ट निकाली हुईं पड़ी उसको भी नहीं उठाया जाता है तो उसको भी भरकर नगर पालिका के ऑफिस और प्रांगड़ में डालेंगे। अध्यक्षता रूपलाल जी की। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### भांजी के जन्मदिन पर आ रहे मामा की हादसे में मौत

**फर्रुखाबाद।** शाहजहांपुर के युवक की जिले में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपनी भांजी के जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहा था। यह घटना शनिवार देर रात कमालगंज थाना क्षेत्र के हुल्लापुर चौराहे के पास हुई।

मृतक की पहचान 20 वर्षीय अमन गिहार के रूप में हुई है, जो जलालाबाद के मंगूलाल का बेटा था। अमन बाइक से कमालगंज थाना क्षेत्र के महरुपुर रावी गांव जा रहा था, जहां उसकी बहन रिंकी रहती है और उसकी बेटी का जन्मदिन था। हुल्लापुर चौराहे के पास उसकी बाइक की दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


वाहनों का चालान करते यातायात अधिकारी।। अमृत विचार

# दो दर्जन से अधिक वाहनों के काटे गए चालान

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस ने गुरुवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पुलिस ने हेलमेट, सीट बेल्ट, कागज़ातों की पूर्ति, ओवरलोडिंग, स्टंट ड्राइविंग और बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर विशेष ध्यान दिया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए दो टेंपो को मौके पर ही सीज़ कर दिया गया। इसके अलावा लगभग दो दर्जन से अधिक छोटे एवं बड़े वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।0

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत, कोहराम

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के ऊंची गधेडी गांव निवासी एक 65 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान सत्यपाल पुत्र शिवसिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, सत्यपाल शनिवार देर शाम अपनी परचून की दुकान का सामान खरीदने बाजार गए थे। सामान लेकर घर लौटने के बाद लगभग साढ़े सात बजे उन्होंने फोन पर किसी से बात की और फिर घर से निकल गए। इसी दौरान, गांव के लाइनमैन लालू को किसी ने फोन पर सूचना दी कि जसमापुर के पास ट्रेन से एक व्यक्ति कट गया है। लाइनमैन मौके पर पहुंचे तो वहां सत्यपाल का मृत शरीर पड़ा मिला। लाइनमैन ने घटना की जानकारी सत्यपाल के परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**बढ़े मरीज** | चिकित्सक ने बीमारी से बचने को दिया सावधानी बरतने का सुझाव

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 226 मरीजों का इलाज

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र और बदलते मौसम के कारण अमृतपुर स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अब यहां लंबी कतारे लगती हैं और मरीज अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर गौरव वर्मा ने बताया कि आज मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 226 मरीजो को जांच के उपरांत दवाई दी गई। एलोपैथी के 155, आयुर्वेद के 71 मरीजों को देखा गया। जिसमें मलेरिया के 18 मरीजों की जांच की गई। टाइफाइड के 11 मरीजों की जांच की गई। शुगर के 16, डेंगू के 5 मरीजों की जांच की गई। बलगम के आठ डेंगू के तीन हेपेटाइटिस के चार, हीमोग्लोबिन के दो मरीजों की जांच की गई।


मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

जांच का उद्देश्य है कि इससे मरीजों की बीमारी का सही पता चल जाता है और उन्हें उसी मर्ज के अनुसार दवाई दे दी जाती है। जिससे बहुत जल्द स्वस्थ हो जाते हैं। इस क्षेत्र में ग्राम दौलतियापुर परतापुर हरसिंहपुर लीलापुर अमृतपुर फखरपुर बनारसीपुर कलेक्टरगंज तौफीक नगला हूषा खजुरिया लीलापुर राजपुर आदि दर्जनों गांवो के मरीज स्वास्थ्य केंद्र पर दवाई लेने आते हैं। डॉक्टर एवं उनके स्टाफ द्वारा मरीजो को दवाई इंजेक्शन सीरप उपलब्ध कराए गए। बच्चों के लिए सीरप की व्यवस्था की गई। क्षेत्र में बाढ़ का पानी भरा होने के कारण अधिकतर वायरल फीवर और जुखाम के मरीज आ रहे हैं और इसी में सिर दर्द खुजली बुखार पेट में दर्द पैरों में इन्फेक्शन आदि के मरीज भी दवाई लेने आते हैं। डॉक्टर द्वारा मरीजों को सुझाव दिए गए कि वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के निवासी हैं। जहां इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक है। इसलिए वह अपने घरों में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। दूषित पानी न पिएं और पानी को हमेशा उबाल कर ही पिएं। गंदगी और रुके हुए पानी से दूर रहें। ऐसी स्थिति में इंफेक्शन होने की संभावना हो जाती है।

# ब्रह्माकुमारी के केंद्र का 29 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेवाकेंद्र पर 29 वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। केंद्र संचालिका वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके शोभा दीदी ने कहा कि इस वर्ष की गतिविधियां छोटी बड़ी मिला कर 157 कार्यक्रम कर चुके हैं जिसमें बच्चों के कार्यक्रम, समर कैंप, बाल दिवस, नवरात्रि, दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि आदि हैं।

कार्यक्रमों में करीब 18 हजार भाई बहनों नें ज्ञान सुनने का लाभ लिया और करीब 156 लोगों नें बड़ी खुशी से बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, शराब आदि का दान देकर अपने जीवन में नैतिक मूल्य धारण करने का संकल्प लिया। पूनम बहन और एकता बहन ने सभी का पटका बैज व तिलक करके स्वागत किया एवं बच्चों ने स्वागत गीत नृत्य भी प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सभी ने कैंडल लाइटिंग के साथ केक काट कर धूमधाम से सेंटर का 29 वां वार्षिकोत्सव मनाया।


ब्रह्माकुमारी केंद्र पर वार्षिकोत्सव में केक काटते अतिथिगण ।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दुकानों के ताले तोड़े एक से सामान चोरी

भरथना। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कंधेसी माइनर–रेलवे ओवरब्रिज स्थित इटावा रोड चौराहा पर शनिवार की रात्रि चोरों ने दो जनरल स्टोरों की दुकानों के ताले तोड़ दिए। चोर एक दुकान का सामान पार कर पुलिस सुरक्षा को चुनौती दे डाली। दुकानों में ताला टूटने और चोरी होने की जानकारी जनरल स्टोरों को मालिक ग्राम नगला अच्छेलाल निवासी राजेश यादव पुत्र नारायन और कृष्णा नगर निवासी लालू प्रसाद पुत्र नरेंद्र सिंह को तब हुई जब रविवार की सुबह रोज की तरह पुनः दुकान खोलने पहुंचे, उन्हें शटर के ताले टूटे मिले। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं ताले तोड़कर दुकान से चोरी हुए समान की जानकारी देते हुए राजेश यादव ने पुलिस को बताया। हजार 600 रुपये की नकदी के अलावा करीब 10 हजार कीमत की बीड़ी,सिगरेट, तम्बाकू,पान मसाला, दालमोठ,चॉकलेट आदि सामान चोरी हो गया है। वह रोज की तरह बीती रात्रि साढ़े 8 बजे दुकान के शटर का ताला बंद करके गया था। फिलहाल पुलिस ने जरनल स्टोर मालिकों की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### परशुराम सेवा समिति की बैठक संपंन

इकदिल। परशुराम सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक रविवार को आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ .सुशील सम्राट ने तथा संचालन प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में वर्ष 2026 की सदस्यता पर एवं संगठन की आगे की गतिविधियों पर चर्चा की गयी इसके साथ ही सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी देने पर भी विचार किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से गोपाल जी मिश्रा को सदस्यता प्रभारी बनाया गया। बैठक में तय किया गया कि वर्ष 2026 की सदस्यता सक्रिय रूप से चलाने के लिए गाँव स्तर पर सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अक्षय तृतीया पर परशुराम जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम जी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी आगे चलकर परशुराम मन्दिर भी बनाया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट, प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश मंत्री मुकेश दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री अनिल चौधरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आज चार घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जसवंतनगर। उपखंड अधिकारी विद्युत आनंदपाल सिंह व अवर अभियंता कौशल किशोर पांडे ने बताया है कि नगरीय टाउन उपकेंद्र से पोषित कोल्ड–2 फीडर के विभक्तिकरण कार्य के चलते आठ दिसंबर सोमवार को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक ग्राम कैस्त और हाईवे किनारे सागर होटल तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### चार लोगों ने खाया विषाक्त पदार्थ

इटावा। जनपद के विभिन्न स्थानों पर किसी बात से क्षुब्ध होकर चार लोगों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत राहतपुरा निवासी अनामिका पत्नी कुलदीप ने, थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महेर चुंगी निवासी कुलदीप पुत्र जगदीश ने, थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत महेरा चुंगी निवासी अणि यादव पुत्र अवधेश यादव ने व इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौलतपुर निवासी राजेश पुत्र नन्दलाल ने किसी बात से क्षुब्ध होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बूथ सं. 76 की अनुपस्थित मतदाता सूची चस्पा की गई

जसवंतनगर। चुनाव आयोग के निर्देश पर चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत शनिवार को नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट कक्ष संख्या चार पर रेलमंडी आंशिक भाग बूथ 76 की एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची के मतदाताओं की बीएलओ द्वारा चिन्हित चार कैटागरी मृतक,डबल,शिफ्टेड और अनुपस्थित मतदाताओं की निर्वाचन सूची संबंधित बीएलओ मुनेश कुमार, सुपरवाइजर शमशेर बहादुर,एसडीओ विद्युत आनंदपाल सिंह द्वारा सपा सह प्रभारी डा .अजेंद्र सिंह गौर, सभासद प्रतिनिधि मोनू शर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय बिंदु आदि पार्टी नेताओं और जागरूक लोगों की उपस्थिति में चस्पा की गई। बीएलओ द्वारा बताया गया कि चस्पा की गई सूची पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो उपजिलाधिकारी महोदय से संपर्क कर सकता है।

# जेवरों की चोरी का आरोपी दबोचा

## ओरोपी के कब्जे से चोरी किये गये 40 लाख रुपये कीमत के जेवरात बरामद

कार्यालय संवाददाता इटावा



चोरी के आरोपी के साथ पुलिस व जानकारी देते एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव।

अमृत विचार । कोतवाली पुलिस सहित एसओजी व सर्विलांस टीम ने शहर के मोहल्ला करमगंज में कुछ दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी किए करीब 40 लाख रुपये कीमत के जेवर बरामद हुए है।

पंजाबी कालोनी करमगंज बिहारी लाल तिवारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि चोर उनके घर से आभूषण से भरी अटैची चोरी कर ले गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुये घटना के सफल अनावरण हेतु एसओजी/सर्विलांस एवं थाना कोतवाली से पुलिस टीमों का गठन किया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस ने जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत टीटी तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति धूमनपुरा पुलिया के पास बने काली माता मन्दिर के पास पिट्ठू बैग लिये खड़ा है जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों ने कार्यवाही करते हुये आरोपी सत्यम पुत्र जितेन्द्र निवासी टड़ैया इटैली थाना अछल्दा औरैया को धूमनपुरा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 अंगूठी सोने की, 11 टॉप्स सोने के, 3 नथनी सोने की, एक मांग टीका सोने का, एक सुई धागा सोने का, 2 हार मय 2 झुमकी सोने की, 3 लौंग सोने की, एक बिन्दी सोने की, 2 टॉप्स सेट सोने के, एक मंगलसूत्र सोने का, 4 चूड़ी सोने की, एक चेन सोने की, एक ऐंठवां चेन सोने की, एक चपटी चेन सोने की, एक ओम लॉकेट युक्त चेन सोने का, 2 ओम सोने का, एक सलाई सोने की, एक कमर पेटी चांदी की, 6 जोड़ी पायल चांदी की, 2 पायल लच्छेदार चांदी की, 2 बच्चों की पायल चांदी की, 3 खंडुआ बच्चों की चांदी की, 4 सिक्के चांदी के, 3 अंगूठी चांदी की,24 बिछिया चांदी की, एक करधनी हाफ चांदी की, 2 रुपये के 4 नोट एक रुपये के 3 नोट बरामद किए। बरामद आभूषण के संबंध में पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि उसकी दोस्ती वादी के बच्चों के साथ थी जिस कारण वह उनके घर में आता जाता था। उसको जानकारी थी कि अटैची में सोने–चादी के आभूषण रखे हैं। 3 दिसम्बर को बिहारी लाल के घर में कोई नहीं था, जिसका फायदा उठाकर मैंने आभूषण से भरी अटैची को चोरी कर आभूषणों को अटैची से निकाल कर अपने पास रख लिये। 5 दिसम्बर को मेरी शादी हुई थी। शादी के बाद में आभूषण को बेचने की फिराक में जा रहा था तभी पुलिस ने पकड़ लिया। घटना का अनावरण एवं गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया ।

## सड़क हादसे में दरोगा घायल

इटावा। थाना चकरनगर क्षेत्र में गस्त पर जा रहा दरोगा गंभीर रूप घायल हो गया। हादसे में दरोगा के चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया।

चकरनगर थाने में तैनात दरोगा बृजेश सिंह गौर रविवार को बाइक से क्षेत्र में गश्त के लिए निकले थे जैसे ही वह चकरनगर उदी रोड की ओर बढ़ रहे थे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे दरोगा घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल ऑटो रिक्शा की मदद से घायल दरोगा को राजपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं इसके चलते परिजनों में हड़कंप मच गया।

# सीओ ने महिलाओं को दी नए कानून की जानकारी



महिलाओं के साथ मौजूद सीओ आयुषी सिंह। अमृत विचार

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

अमृत विचार । रविवार को ग्राम बलरई में मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, ट्रैफिक नियमों और बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर सीओ आयुषी सिंह ने महिलाओं बालिकाओं और ग्रामीणों को जागरूक किया।

सीओ आयुषी सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें हर प्रकार की हिंसा से सुरक्षित रखना है। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं से जुड़े अपराधों पर अब कठोर कार्रवाई और त्वरित न्याय की व्यवस्था की गई है। साइबर अपराध पर जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि अनजान लिंक, कॉल या सोशल मीडिया संदेश पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी बिल्कुल साझा न करें। ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया कि हेलमेट, सीट बेल्ट और गति सीमा का पालन करें कार्यक्रम में बलरई थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सरोज समेत महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

# वनस्पतियों के बारे में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता इटावा



नेचर वॉक करते डॉ. डीके दुबे व अन्य। अमृत विचार

- नगर वन इटावा में नेचर वॉक का आयोजन किया गया

अमृत विचार । सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के तत्वावधान में नगर वन इटावा में नेचर वॉक का आयोजन किया गया। नेचर वॉक का नेतृत्व डॉ. बी एन सिंह बायोलॉजिस्ट लॉयन सफारी, डॉ. अत्री गुप्ता, डॉ. राजीव चौहान, डॉ. देवेंद्र दुबे, कमल कुमार एवं रश्मि पुरवार द्वारा किया गया। इन लोगों ने वहां पर आये लोगों को वनस्पतियों के बारे में विस्तार से बताया।

स्कॉन महासचिव डॉ राजीव चौहान ने बताया कि इन वॉक का उद्देश्य सिर्फ प्रजातियों की पहचान करना नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता जगाना और पर्यावरण को बचाने के महत्व को समझाना है। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र दुबे ने कहा कि यह बच्चों और बड़ों को प्रकृति को अपनी इंद्रियों से महसूस करने, पत्तों की बनावट, पक्षियों की आवाज़ और फूलों की खुशबू को समझने का मौका देता है। डॉ. कमल कुमार बताते हैं कि कैसे पेड़-पौधे और जीव-जंतु एक-दूसरे पर निर्भर हैं, जो बच्चों को पारिस्थितिकी तंत्र की समझ देता है।

डॉ. अत्री गुप्ता ने बताया कि आज उन्होंने करीब 50 पेड़ पौधों की प्रजातियां, 12 पक्षियों की प्रजातियां एवं पांच तितलियों की प्रजाति देखी तथा आज के नेचर वॉक के दौरान एक महत्वपूर्ण दृश्य मिला जिसमें एक वाइट ब्रिस्टेड किंगफिशर अपनी चोंच में दबाकर एक ग्रीन कैटरपिलर को बड़ी शानदार तरीके से शिकार करने के बाद आनंदित होकर खा रही थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन चौहान ,शैलेंद्र,मुकेश बाबू और अरुण का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस दौरान सभी लोग प्रकृति का आनंद लेते हुए देखे गये।

# अनियंत्रित कार जीने की रेलिंग के सहारे उल्टी खड़ी हुई

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । थाना सैफई क्षेत्र के अंतर्गत हवाई पट्टी रोड पर उझियानी गांव में अनियंत्रित तेज रफ्तार कार सड़क किनारे बने एक मकान के जीने की रेलिंग में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलटकर चारों पहियों के बल ऊपर की ओर उलटी होकर जीने की रेंलिंग में अटक गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक दुर्घटना के समय कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रही होगी। कार में दो युवक सवार थे, जो हादसे में मामूली रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सहायता से दोनों को तुरंत सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय भेजा गया। मकान मालिक ने बताया कि जोरदार टक्कर से घर के बाहर तेज धमाका हुआ, जब बाहर निकलकर देखा तो समझ नहीं आया कि आखिर हुआ क्या, यह कार उल्टी खड़ी होकर घर बाहर खड़ी थी। घटना की सूचना मिलने पर थाना सैफई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर ग्रामीणों की मदद से यातायात सुचारू कराया। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार व नियंत्रण खोने से हुए हादसे का प्रतीत होता है। पुलिस वाहन मालिक और कार में सवार लोगों के बारे में जानकारी कर रही है।



जीने की रेलिंग से टकराकर उल्टी खड़ी कार। अमृत विचार

## कार की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत, दंपति घायल

बसरेहर। चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरेली हाईवे पर बरालोकपुर पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार पति पत्नी व पुत्र खड्ड में जा गिरे। जिसमें तीनों लोग हुए घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया ,जहां डाक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति को भी चोटें आई है। जानकारी के अनुसार बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बत पुर निवासी राजू उर्फ कल्लू अपनी पत्नी प्रीति देवी व 12 वर्षीय पुत्र प्रांशु के साथ बाइक से अपनी ससुराल फर्रुखाबाद के पास गजियापुर गए हुए थे। वही से जब वह वापस लौट रहे थे तभी बरालोकपुर पेट्रोल पम्प के समीप इटावा की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी,जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये दोनों वाहन काफी दूर खड्ड में जा गिरे। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी भिजवाया। राजू उर्फ कल्लू व पत्नी प्रीति देवी की हालत गंभीर होने की कारण डॉक्टरों ने उन्हें सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। वहीं 12 वर्षीय प्रांशु उर्फ गगन की हालत नाजुक होने के कारण इटावा जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहां पर डॉक्टरों ने प्रांशु को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। गगन अपने मां बाप का इकलौता पुत्र था। वहीं कार सवार राजेंद्र सिंह 55 पुत्र हिमांचल प्रसाद निवासी पिपरोलिया थाना बेला जनपद औरैया को भी चोटें आई। उन्हें भी पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

# पात्र मतदाता दस दिसम्बर तक एसआईआर फार्म जमा कर दें

कार्यालय संवाददाता इटावा

- सपा नेता उदयभान सिंह यादव ने लोगों से की अपील

अमृत विचार ।एसआईआर प्रभारी जिला समाजवादी पार्टी उदय भान सिंह यादव ने प्रभारी, जिला, नगर, ब्लॉक, फ्रंटल संगठन, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, बीएलए -2/ कार्यकर्ताओं एवं पधाधिकारियों को सूचित किया है कि गणना प्रपत्र जमा करने के चार दिन शेष हैं। आपकी सजगता से ही सभी पात्र मतदाता सूची मे शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा किन बूथों पर अभी तक किस मतदाता तक गणना प्रपत्र नहीं पहुंच पाया है। बूथ पर बीएलओ द्वारा वितरण न करने वाले गणना प्रपत्र की सूची बनाकर उसकी समीक्षा करें। उनका बूथ नंबर, नाम, पिता, पति का नाम फोन नम्बर के साथ सूची बनाकर उपलब्ध कराएं, जिससे संबंधित अधिकारी को अवगत कराया जा सके। सभी लोग अपने बीएलओ से मिलकर अपना, परिवार, पडोसी, गांव, मोहल्ला के लोगों के जमा गणना प्रपत्र चेक करवा लें। जो मतदाता जिला, शहर, कस्बा, गांव, मोहल्ला से बाहर है उनसे संपर्क स्थापित कर उन्हे गणना प्रपत्र भरने को कहें उनके परिवार से भी कहें कि अगर नहीं आ पा रहे तो आनलाइन भरें। सभी गणना प्रपत्र 10 दिसंबर तक फीडिंग करें और उसकी जानकारी प्राप्त करें कि कितने गणना प्रपत्र एबीसी श्रेणी मे है। गणना प्रपत्र भरने के लिए अभी कोई दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। इस लिये सभी लोग अपने अपने प्रपत्र जमा करायें।

# खो-खो : सेंट मेरी स्कूल ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता इटावा



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व आयोजक। अमृत विचार

- पान कुंवर स्कूल ने आयोजित की सीबीएसई स्कूल गर्ल्स खो -खो प्रतियोगिता

अमृत विचार । सहोदय कॉम्प्लेक्स के बैनर तले पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के संयोजकत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम इटावा में गर्ल्स खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सीबीएसई से संबद्ध 13 टीमों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीओ सिटी अभय नारायण राय रहे। उन्होंने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेंट मैरीज, द्वितीय स्थान सेंट पीटर्स, तथा तृतीय स्थान संत विवेकानंद स्कूल की टीमों ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक डॉ. कैलाश यादव एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने सभी अतिथियों, कोच और रेफरी का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से डॉ. हिमांशु के सहयोग की सराहना की जिन्होंने मैच रेफरी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई। जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव का भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण तथा रेफरी एवं कोच सम्मान समारोह के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. श्यामपाल सिंह प्राचार्य, पंचायतराज महिला महाविद्यालय, रोहन सिंह प्रबंधक संत केवलानंद स्कूल, अभिषेक सक्सेना प्रधानाचार्य पुलिस मॉडर्न स्कूल, अनूप मिश्रा प्रधानाचार्य, थियोसोफिकल, धर्मेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स, डॉ. एस.एन. यादव प्रधानाचार्य, एस.एस. मेमोरियल सैफई, मनोज मिश्रा प्रधानाचार्य, होली प्वाइंट एकेडमी, विवेक श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, रेडवुड स्कूल, मनोज यादव प्रधानाचार्य, प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर अरविन्द कुमार रहे।

# शादी का झांसा देकर युवक करता रहा शारीरिक शोषण

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

अमृत विचार । नगर क्षेत्र की एक 28 वर्षीय युवती ने जैन मोहल्ला निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीड़िता ने बताया कि हमारे पड़ोस में ही रहने वाले असलम पुत्र अलीम खान से काफी समय से जान पहचान थी। आरोपी ने उस पर शादी का भरोसा जताकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवक उसे लगातार विवाह का झांसा देता रहा, लेकिन जब उसने शादी पर जोर दिया तो युवक ने मेरे साथ मारपीट व गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी की इस हरकत से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची जिसके बाद उसने पुलिस से न्याय की मांग की। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी असलम के खिलाफ दुष्कर्म धमकी देने और अपमानित करने से संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सिटी इंचार्ज मनीष कुमार ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को लोहा मंडी क्षेत्र से सुबह नौ बजे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नुमाइश

## डीएम ने बाहरी जनपदों से आये ओडीओपी के स्टालों का किया अवलोकन

# जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता इटावा



नुमाइश के उद्घाटन अवसर पर डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल साथ में अन्य अधिकारी।

अमृत विचार । जनपद प्रदर्शनी का रविवार को आगाज हो गया। जिलाधिकारी/अध्यक्ष प्रदर्शनी समिति शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर, बिजली का बटन दबाकर और पूजन करने के बाद आसमान में गुब्बारे उड़ाकर किया।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष प्रदर्शनी समिति शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सर्वप्रथम शहीद स्मारक के पास पूजन किया, इसके बाद फीता काटा। डीएम ने बाहरी जनपदों से आये ओडीओपी के स्टालों का अवलोकन किया और दुकानदारों से जानकारी हासिल की। पंडाल के कार्यक्रम का संचालन डा. कुश चतुर्वेदी ने किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ के अवसर पर दुकाने बंद रहीं, दुकानदारों का कहना है कि इस बार हम लोगों को दुकानों का आवंटन बहुत विलम्ब से हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ देखने के लिए बड़ी संख्या में शहर के लोग नुमाइश पहुंचे। प्रदर्शनी के शुभारंभ पर कबीर कैफे बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। डीएम, एसएसपी ने भी राजस्थानी ढोल बजाया। प्रदर्शनी के शुभारंभ के अवसर पर एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एडीएम न्यायिक संदीप श्रीवास्तव, एसडीएम सदर विक्रम राघव, सीओ सिटी अभय नारायण राय, शहर कोतवाल यशवंत सिंह, नुमाइश चौकी प्रभारी, तन्मय चौधरी, प्रेम शंकर शर्मा एड., व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## रासलीला कार्यकम 9 व 10 दिसम्बर को

इटावा। प्रदर्शनी पंडाल में 9 एवं 10 दिसंबर को सायं 6 .30 बजे से श्री धाम वृन्दावन के प्रसिद्ध श्री हरि बोल गौरांग कृष्ण – रामलीला मंडल द्वारा रासलीला कार्यकम का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक राजेश कुमार वाजपेई ने बताया कि प्रदर्शनी पंडाल में पहले दिन 9 दिसंबर मंगलवार को सायं साढ़े छह बजे सम्मानित विद्वान मनीषी एवं संस्कृत के महामहोपाध्याय डॉ कृष्ण अवतार वाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में रासलीला कार्यकम का शुभारंभ करेंगे तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेंगे।

# डीबीए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

संवाददाता महेवा इटावा



डीबीए अध्यक्ष का स्वागत करते राजीव चौधरी। अमृत विचार

अमृत विचार । ब्लॉक सभागार में डीबीए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। आयोजक मंडल ने आधा दर्जन से अधिक पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उन्हें शाल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर सभी का स्वागत किया ।

इस दौरान डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिशन के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज का स्वागत अति सुखद है, क्योंकि यह उनके गृह ब्लॉक में घर के लोगों द्वारा किया जा रहा है वह प्रेस के साथियों व अपने ब्लॉक के नागरिकों के लिए हर समस्या के समाधान के लिए सदैव तैयार रहेंगे। उन्होंने कहाकि कोई भी किसी भी समय अपनी या आम समस्या लेकर आ सकता है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रयास किया जायेगा कि उसका कार्य कराया जाये। कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी ,सदस्य कार्यकारिणी कृष्ण गोपाल अवस्थी ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप शर्मा ,सदस्य गौरव झा आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष महेवा राणा प्रताप सिंह चौहान तथा संचालन महामंत्री राजू दुबे ने किया। इस दौरान डॉ सुरेश शर्मा ,कल्लू सविता ,प्रधान बम्होरा हरगोविंद पाल ,प्रधान मुकुटपुर लालसिंह कुशवाहा ,पत्रकार रविंद्र चौहान ,शीलू सविता ,दीपू निषाद ,राघवेंद्र सिंह , सोहित दिवाकर ,विमलेश मोहन ,रक्तदाता समूह के सौरभ परिहार मौजूद रहें।

# एसआईआर में मैपिंग की जानकारी को मतदेय स्थल पहुंचे जिलाधिकारी

## विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर डीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भाग्यनगर में आने वाले वाले मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होने प्राथमिक विद्यालय ककराही, आदर्श बाल विकास वाटिका नियामतपुर, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय भाग्यनगर, कंपोजिट विद्यालय बैराही, प्राथमिक विद्यालय खागीपुर, प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर तथा जनता इंटर कॉलेज सल्हापुर आदि के मतदेय स्थलों का जायजा लिया। बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैपिंग का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो मैपिंग करने में शिथिलता बरत रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को उनके भाग संख्या आदि की जानकारी न होने के कारण मैपिंग कार्य को पूर्ण करने में असुविधा हो रही है।



निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

जिला मजिस्ट्रेट ने तत्काल वॉलिंटियर्स को निर्देश दिए कि मतदाताओं की सहायता कर उनकी मैपिंग कार्य पूर्ण कराने में सहयोग करें। मतदेय स्थल आदर्श बाल विकास वाटिका नियामतपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय परिसर में कुछ भवन जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण किसी भी समय हादसा होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए की सात दिन के अंदर जर्जर भवनों को गिरवाकर मलवा निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण की जाए। निरीक्षण के दौरान जनता इंटर कॉलेज सल्हापुर में पदाभिहित अधिकारी तथा बीएलओ ने बताया कि यहां पर नामित वॉलिंटियर्स द्वारा मैपिंग कार्य में सहयोग नहीं किया जा रहा है जिसके कारण मैपिंग का कार्य तेजी से पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

जिस पर जिला मजिस्ट्रेट ने तत्काल अन्य वॉलिंटियर्स लगाने तथा अक्रिय वॉलिंटियर्स के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय खगीपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की बाउंड्री न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर की बाउंड्री का कार्य आवश्यक सभी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए निर्माण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर तहसीलदार अजीतमल अविनाश कुमार, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित संबंधित अधिकारी आदि रहे।

## बारातियों के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**रुरुगंज (औरैया)।** शुक्रवार देर रात करीब नौ बजे इटावा जिले के चकरनगर से छिबरामऊ जा रही बारात की एक गाड़ी के आगे दूसरी गाड़ी लगाकर बारातियों के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कुदरकोट के लोगों में वह घटना पूरी तरह शांत नहीं हुआ था कि रविवार सुबह कुदरकोट थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। कुदरकोट चौराहे पर नाश्ता कर रहे युवक को कुछ लोगों ने लात-घूसों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। कुदरकोट निवासी युवक गोपाल पुत्र रामआसरे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कुदरकोट चौराहे पर नाश्ता कर रहा था, तभी पिन्टू पुत्र मानसिंह अपने साथी के साथ वहां आए और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि इन लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने लात-घूसों से उसकी पिटाई की और उसे मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां दीं। हमलावरों ने गोपाल को जान से मारने की धमकी भी दी। गोपाल ने इस घटना के संबंध में थाने में शिकायत की है।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

## दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा नौ के सौरभ ने मारी बाजी

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बे के एक्सिस पब्लिक स्कूल में जारी तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर रस्सा कसी, ऊंची कूद, लंबी कूद व दौड़ प्रतियोगिता जैसी कई प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन रस्साकसी में नर्मदा हाउस व खो खो में गंगा हाउस विजयी रहा। दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा नौ के छात्र सौरभ ने बाजी मारी। द्वितीय स्थान पर कक्षा 8 के लव व तृतीय स्थान पर कक्षा 8 के कृष्णा रहे। सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढ़ी ने बताया कि खेलकूद से बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास होता है । विद्यार्थियों द्वारा जिला स्तर की खेल कूद प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया जाता है। इस अवसर पर शिक्षक अनुज ,खेल प्रभारी शोएब , प्रभात , नीरज , श्रुति , अभिनव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, युवक घायल

**दिबियापुर (औरैया)।** थाना क्षेत्र के चौथा मिल स्थित एक ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पर बैठा एक युवक घायल हो गया। ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी। मौके पार पहुंची पुलिस ने हाइड्रा मंगा कर ट्रैक्टर हटवा कर मार्ग चालू करवाया। दिबियापुर की ओर से जा रहे एक ट्रैक्टर को चौथा मिल के पास बेला की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर छतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर पर बैठा कानपुर देहात के रसूलाबाद उसरी का समशुल घायल हो गया। उसे सहार स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि ट्रक और ट्रैक्टर के चालक मौके से भाग गए। घटना के संबंध में सहायल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि एक्सीडेंट में एक युवाक घायल हुआ है जिसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये डॉ. आंबेडकर

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के नहर बाजार में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ने डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उनके स्नेह, मार्गदर्शन और आदर्शों ने हमें जीवन के हर पड़ाव पर सही दिशा दिखाई है। सेंगर ने आगे कहा कि बाबा साहब की कहानी, उनके अनुभव और उनका मुस्कुराता चेहरा आज भी हमारे दिलों में जीवित है। उनकी अनुपस्थिति एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनकी स्मृतियां हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। इस अवसर पर ईब्दुल शाह ईदू, मंडल उपाध्यक्ष शैलेश शर्मा और अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### 15 जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। महिला थाना ककोर में 40 फाइलें आईं। 15 परिवार जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनो से अलग रह रहे थे, एक दूसरे के साथ रहने को राजी नही थे। जिपरिवार टूटने की कगार पर था। उन्हे समझा बुझाकर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है।

# दो भाइयों ने बढ़ाया गांव का मान



भाइयों का स्वागत करते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** विकासखंड के मिश्रिपुर गांव के दो सगे भाइयों ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर उपलब्धि हासिल की है।

गांव के निवासी साहिब सिंह एवं फूल कुमारी के पुत्र अमन कुमार का चयन भारतीय सेना में हुआ है, जबकि छोटे बेटे अभिषेक कुमार को उत्तर प्रदेश पुलिस में नियुक्ति मिली है। अमन की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023 में शुरू हुई थी, जिसमें वह लिखित व शारीरिक परीक्षाओं में सफल रहे।

- **एक भारतीय सेना में चयनित दूसरा यूपी पुलिस में**

अब वे 9 अप्रैल 2025 से सेना में शामिल होंगे। वहीं अभिषेक की भर्ती प्रक्रिया भी 2023 में प्रारम्भ हुई और उन्होंने 4 फरवरी 2024 को शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण की। 10 जून 2025 से वे यूपी पुलिस म् सेवाएं देंगे।

दोनों भाइयों की सफलता से परिवार में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत कर सम्मान समारोह आयोजित किया।

# डॉ रामाशीष सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) द्वारा शहीद अवन्ति वाई पार्क दिबियापुर में पुरानी पेंशन बहाली के लिए शहादत देने वाले डॉ रामाशीष सिंह जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमन यादव ने एवं संचालन महामंत्री एमपी सिंह ने किया।

रविवार शाम को शहीद अवन्तिबाई पार्क पर रामाशीष की याद में केंडल जलाई गई और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमन यादव ने कहा कि 7 दिसंबर 2016 को आज ही के दिन पुरानी पेंशन बहाली की शांति पूर्ण ढंग से मांग करते हुए पुलिस की लाठीचार्ज के कारण रामाशीष सिंह जी शहीद हुए थे। हम सब उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से यह मांग करते हैं कि सरकार शिक्षकों, कर्मचारियों को एनपीएस, यूपीएस में घुमाने के बजाय पुरानी पेंशन बहाल करे। उन्होंने कहा कि निजीकरण भी देश के लिए घातक है। सरकार निजीकरण खत्म कर और पुरानी पेंशन लागू करे अन्यथा संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अटेवा के जिला कोशाध्यक्ष देवेंद्र राजपूत ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली ही डॉ रामाशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि है इसके लिए अटेवा अनवरत संघर्ष जारी रखेगा। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतू कटियार ने कहा कि जब देश के कई राज्यों ने पुरानी पेंशन को पुनः प्रारंभ कर दिया है तो उत्तर प्रदेश सरकार भी इसको लागू करे। एनपीएस व यूपीएस शेयर बाजार आधारित पेंशन व्यवस्था है जो हमें स्वीकार नहीं है। इस दौरान अमन यादव, देवेन्द्र राजपूत, अमर सिंह, रजनीश कुमार सिंह, गौरव सक्सेना, शिल्पी यादव, नीतू कटियार, मुहीद सिद्दीकी, मुरशिद , सुचिता राठौर व सुजीत कटियार आदि लोग रहे।



डॉ रामाशीष सिंह के चित्र पर श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

- **अटेवा ने कैंडल जलाकर की पुरानी पेंशन की मांग**

# हिंदू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में हुआ सुंदरकांड का पाठ

संवाददाता फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में शनिवार को हनुमान मंदिर चौराहा बाबरपुर रोड फफूंद पर सुंदर कांड का आयोजन किया गया।

हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। सुंदरकांड का पाठ दोपहर बाद 3 बजे से देर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर बाल कृष्ण मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा मोर्चा संघ, गौरव श्रीवास्तव प्रदेश संगठन महामंत्री, अशोक कुमार, ओवरन सिंह राजपूत, अंकित रंजन त्रिपाठी, शिवकुमार, अमन कुमार राजपूत, गोपाल अवस्थी, अमित पाठक, आदित्य राजपूत, गगन, विवेकानंद त्रिपाठी, राकेश पाल, विनोद तिवारी, अभिषेक कुमार, रवि पोरवाल, भारत सिंह कुशवाहा, विष्णु दत्त शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, पन्नालाल, विशाल अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# कैडेट्स ने निकाली सशस्त्र सेना सम्मान रैली

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** रविवार को 4 यूपी बटालियन एनसीसी राम सेवक सावित्री देवी इण्टर कालेज केशमपुर औरैया के जूनियर एवं सीनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट्स ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर रैली निकाली।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग औरैया से प्राप्त सशस्त्र सेना झण्डा दिवस फ्लैग लगाकर सैनिकों के परिजनों के लिए चंदा एकत्र किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टीनेंट पीयूष कृष्णा ने बताया कि हमारे देश के जवान दिन रात हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं तभी हम अपने घरों में चैन से रह पाते हैं।

एनसीसी अधिकारी रवि दत्ता ने बताया कि एक स्थिर, स्वस्थ मानसिकता और सजग समाज ही देश को आगे बढ़ाने में मदद करता है इसलिए हमें समाज के प्रत्येक नागरिक को देश, सेना और उनके सम्मान के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

वरिष्ठ समाजसेवी डॉ एसएन गुप्ता ने कैडेट्स को सैनिकों के परिजनों के लिए चंदा एकत्र करने हेतु उनका उत्साहवर्धन किया और बधाई दी साथ ही कहा कि अब आप ही इस देश के सच्चे सिपाही की भांति आगे बढ़कर देश की सेवा करेंगे। सजग हो कर समाज के प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने की जिम्मेदारी अब आपकी ही है। कार्यक्रम के पश्चात डॉ राम मनोहर लोहिया शिक्षा एवं ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के डायरेक्टर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ एस एन गुप्ता द्वारा कैडेट्स को रिफ्रेशमेंट वितरित किया गया।




रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

## एएसपी ने कुदरकोट में की पैदल गश्त

**कुदरकोट।** अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार मिश्रा ने देर रात कुदरकोट कस्बे में पैदल गश्त की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार मिश्रा ने पुलिस बल के साथ कुदरकोट बाजार में यह गश्त की। इस दौरान उन्होंने देर रात बाजार में घूम रहे संदिग्ध लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली। बिना वजह घूमने वालों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एएसपी ने दुकानदारों से भी बातचीत की। उन्होंने दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और अतिक्रमण न करने की सलाह दी। आलोक कुमार मिश्रा ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी ने भी माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से भी बात की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए ।

**बैठक** | राज्यसभा सांसद एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कुर्सी में साधन सहकारी समिति पर की बैठक

# किसानों, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** शनिवार को राज्यसभा सांसद एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कुर्सी में साधन सहकारी समिति पर आयोजित बैठक में किसानों, महिलाओं, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा समाज के यह लोग जब मजबूत होंगे तो देश मजबूत बनेगा। उन्होंने किसानों से रासायनिक खादों के कम से कम प्रयोग के साथ सहखेती के रुप में सब्जी फलों फूलों के अलावा पशुपालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा आज के बदलते परिवेश में आधुनिक ढंग से खेती किसानी कर कम लागत में ज्यादा लाभ अर्जित किया जा सकता है।

राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनपद में बंद पड़ी समितियों को पुनर्जीवित किया है। सरकार के इस निर्णय से लगभग दो दर्जन समितियां फिर से कार्य करने लगी हैं जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने खाद की जगह नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा उपयोग पर जोर दिया। सांसद ने समिति को यथासंभव सहयोग का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर गांव के सामने 2019 से बंद पड़े नहर पुल के निर्माण कार्य को आगामी मार्च, अप्रैल माह तक शुरू कराये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अवर अभियंता सिंचाई खंड कानपुर देहात आर एन शुक्ला से भी कार्यवाही शुरू करने को कहा। इस अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता कल्यान सिंह कुशवाह ने सुखम्मन पुर्वा से बांधमऊ तक पक्का सड़क निर्माण कराने की मांग की।

उन्होंने समिति की अक्ष्यक्ष पूर्व प्रधान विटोल कुंअर को नारी सशक्तिकरण की मिशाल बताया। कहा महिलाएं किसी मायने में पुरुषों से पीछे नहीं हैं, उन्हें अवसर मिलने की जरूरत है। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नारी शक्ति और स्वागत गीत पर वह भाव विह्वल हो गईं। उन्होंने विद्यालय में बच्चियों संग फोटो भी खिंचवाए। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर ने 2022 में जो आया था 2027में भी वह आयेगा ,गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता संजीव कुमार गौतम, सुधीर कुमार सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, शशि प्रताप सिंह सचिव , नृपेन्द्र यादव सहायक विकास अधिकारी पंचायत,आशीष कुमार सचिव इफको ने अपने विभागों से संबंधित जानकारियां दीं। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अछल्दा डाक्टर शरद सिंह राना, वरिष्ठ भाजपा नेता अजयपाल सिंह कुशवाह,भाजपा जिला मंत्री लाल सिंह सेंगर, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोनू सिंह सेंगर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह कुशवाह ,भाजपा मंडल अध्यक्ष बिधूना संजीव शाक्य,पूर्व प्रधान अवधेश त्रिपाठी ,सुभाष शाक्य हरेंद्र सिंह कुशवाह ,योगेश राजावत, दिलासाराम राजपूत, राजेन्द्र सिंह पाल प्रधान, राघवेन्द्र सिंह पाल प्रधान, सुनीता चैहान निदेशक ,पप्पू भदौरिया, रंजीत सिंह सेंगर पूर्व सचिव, देवेंद्र सिंह जादौन, झब्बू सिंह जादौन, कल्यान सिंह कुशवाह आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व ग्रामीणों ने राज्यसभा सांसद गीता शाक्य का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डाक्टर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




बैठक के दौरान संबोधित करतीं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य। अमृत विचार

# राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला मातृशक्तिः निधि द्विवेदी

संवाददाता, दिबियापुर (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बा के रामगढ़ रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की क्षेत्र संयोजिका निधि द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संयोजिका प्रियंका श्रीवास्तव, कार्यक्रम अध्यक्ष जायंट्स ग्रुप दिबियापुर की अध्यक्ष प्रीति पोरवाल, मुख्य वक्ता सुमन चतुर्वेदी व प्रीति बाजपेई, तथा प्रबंध समिति से वंदना पोरवाल रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजिका सीमा तिवारी ने अतिथियों का बैज पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर प्रभावी विचार रखते हुए कहा कि संयुक्त परिवार राष्ट्र के संस्कारी और सशक्त नागरिकों की आधारशिला तैयार करते हैं। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि बच्चों के विकास में मातृभाषा, पारंपरिक वेश-भूषा तथा संतुलित खान-पान को प्राथमिकता देकर उन्हें मजबूत संस्कार प्रदान करें। विशिष्ट अतिथि प्रियंका श्रीवास्तव ने सप्तशक्तियों कीर्ति, क्षमा, धृति, मेधा आदि का परिचय देते हुए बताया कि यही शक्तियां भारतीय नारी की वास्तविक पहचान हैं। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रीति पोरवाल ने भारतीय संस्कृति के संवर्धन में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृशक्ति ही राष्ट्र निर्माण की मूल आधारशिला है। उन्होंने परंपराओं के संरक्षण, मातृभाषा के सम्मान और बालकों को भारतीय मूल्य आधारित कथाओं से जोड़ने पर बल दिया।

**न्यूज ब्रीफ**

## ई-रिक्शा ने साइकिल सवार किशोर को मारी टक्कर, गंभीर

**सुमेरपुर।** साइकिल से जा रहे किशोर को बदनपुर मोड़ के समीप सामने से आए ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। घटना में किशोर की साइकिल चकनाचूर हो गई और सड़क पर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। बिरखेरा गांव निवासी इंद्रपाल कुशवाहा का इकलौते पुत्र सूरज कुशवाहा (13) रविवार को सुबह करीब 10 बजे साइकिल से बड़ी बहन की ससुराल मौदहा के अरतरा गांव जा रहा था। सिसोलर मार्ग में बदनपुर मोड़ के समीप बदनपुर से सवारियां लेकर सुमेरपुर की ओर आ रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने किशोर की साइकिल में सामने से टक्कर मार दी। इस घटना में किशोर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और साइकिल चकनाचूर हो गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## खाना खा रही वृद्धा पर बंदर ने किया हमला

**राठ।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में अपने मकान की छत पर बैठकर दोपहर के समय खाना खा रही 65 वर्षीय एक वृद्धा के ऊपर अचानक एक कटखने बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। सिकंदरपुरा इलाके के निवासी दर्पण केवरिया ने बताया कि उसकी माता जी गिरिजा खेवरिया (65) पत्नी बृजेश खेवरिया जो कि दोपहर के समय अपनी छत पर बैठकर खाना खा रही थी बताएं कि तभी इस दौरान एक कटखने बंदर ने उन पर हमला करते हुए उन्हें काट कर घायल कर दिया। जिसके बाद उनका सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया है।

## छह किलो गांजे के साथ एक महिला गिरफ्तार

**मौदहा।** रविवार की सुबह एक महिला को छः किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली के उपनिरीक्षक अभिषेक त्रिवेदी और महिला उपनिरीक्षक कोमल अपनी टीम के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश और लंबित मुकदमों की विवेचना के संबंध में अरतरा तिराहे के निकट जा रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी एक महिला नाजायज सामान लेकर जा रही है। मुखबिर की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने महिला को अरतरा रोड रेलवे क्रासिंग के निकट रोककर पूछताछ की तो महिला माया निषाद पुत्री फूलचंद के पास से छह किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया।

## कामता प्रसाद राव बने संघ के अध्यक्ष

**मौदहा।** उत्तर प्रदेश की सफाई मजदूर संघ की मौदहा शाखा की बैठक ओरी तालाब स्थित पार्क में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दिलावर प्रसाद आजाद ने की, इस मौके पर सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया हुई। जिसमें कामता प्रसाद राव को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा रामविलास खोटे को महामंत्री, सम्राट बाल्मीकि को उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी और उपाध्यक्ष अनुसुइया को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर विजय मधुपिया चुने गए। उप कोषाध्यक्ष रवि कुमार, दीपक कुमार को उपमंत्री, रतिराम वाघमारे व ब्रजकिशोर को प्रचार मंत्री, संगठन मंत्री के पद पर मुकेश कुमार व बादल का मनोनयन किया गया। विकास मधुपिया व संदीप कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सुरेश कुमार को ऑडिटर के रूप में चुना गया। अध्यक्ष ने कहा कि संगठन का दायित्व पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा।

# ब्राह्मण संघ की बैठक में नए पदाधिकारी मनोनीत

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के जिला कार्यकर्ताओं की बैठक शहर के साईं कृपा गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। जिसमें जिलेभर के ब्राह्मण लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

वरिष्ठ संरक्षकों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा में माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी ने ब्राह्मण महासभा के अभिन्न अंग रहे स्व.आनंद अवस्थी आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। बैठक में सर्वसम्मति से राजन महाराज को जिला वरिष्ठ प्रवक्ता व सलाहकार, नीरज द्विवेदी जिला संगठन मंत्री, मोहित द्विवेदी को जिला उपाध्यक्ष, महेश दीक्षित को जिला संरक्षक, रसिक महाराज को जिला कार्यक्रम प्रमुख, सतीश तिवारी को नगर सचिव, लाल जी तिवारी को ब्लॉक अध्यक्ष सरीला, अश्वनी पांडे को जिला संरक्षक मनोनीत किया। इसके अलावा ब्राह्मण महासभा महिला मोर्चा की अन्नपूर्णा द्विवेदी जिला अध्यक्ष, मानव सेवा प्रकल्प, लक्ष्मी द्विवेदी को जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, महिमा तिवारी को नगर उपाध्यक्ष, शशि द्विवेदी को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अलका द्विवेदी, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष गगन मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला संयोजक ब्रजेश शुक्ला ने अपनी कविता के माध्यम से आए हुए सभी ब्राह्मण बंधुओं के अंदर नया जोश भरा।

## पिता-पुत्रों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र अतरार गांव निवासी संपत पत्नी दिनेश कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रंजिश के चलते गांव के नीरज ने अपने भाई पिता के साथ मिलकर पति के साथ मारपीट की। तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

पति के साथ आई महिला ने दोनों भाई नीरज व मिट्ठू के साथ उनके पिता परदेसी वर्मा के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला सहित पति को छानी सीएचसी में ले जाकर डॉक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि महिला की तहरीर पर दोनों भाई व पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# राजेंद्र प्रसाद जिलाध्यक्ष, लकी जिला मंत्री मनोनीत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अधिवेशन को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का मंडलीय अधिवेशन संपन्न

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का मंडलीय एवं जनपदीय अधिवेशन रविवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें मनोनीत मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र चित्रकूट धाम मंडल बांदा के प्रांतीय अध्यक्ष जेएन तिवारी की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी विभाग के राजेंद्र प्रसाद पाल को संघ का जिलाध्यक्ष, लकी मुवीन को जिला मंत्री, अतुल सिंह को मंडल अध्यक्ष, राम सजीवन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंचायत के कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव को संयुक्त मंत्री, पीडब्ल्यूडी विभाग के राजेश कुमार शुक्ला को संरक्षक, लेखपाल संघ के लोकेंद्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लेखपाल संघ के अवनीश कुमार राणा को उपमंत्री, पीडब्ल्यूडी विभाग के पारसनाथ तिवारी को उपाध्यक्ष, पशुपालन विभाग के संदीप सिंह को संयुक्त मंत्री, पंचायत विभाग के नंदकिशोर को प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष जेएन तिवारी, प्रदेश महामंत्री अरुण शुक्ला एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रघुवीर प्रजापति, संचालक कमल किशोर अटेवा ने मनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार शिक्षक, कर्मचारी, आउटसोर्सिंग, संविदा, कर्मचारियों को जीविका उपार्जन के लिए उचित मानदेय की बढ़ोतरी नहीं करती, पुरानी पेंशन बहाली नहीं करती और निजीकरण को समाप्त नहीं किया गया तो संयुक्त कर्मचारी उत्तर प्रदेश 20 जनवरी को विधानसभा घेरने के लिए विवश होंगे। इस मौके पर कर्मचारी संगठनों में महासंघ के रामरतन श्रीवास एवं आशा कर्मचारी संघ की राधा श्रीवास्तव, अध्यक्ष गोहद ज्योति चौरसिया, रणविजय प्रजापति, लेखपाल संघ के लोकेंद्र सिंह रहे।

# दस साल की बच्ची से दुष्कर्म कर फांसी लगा की आत्महत्या

### बिवांर थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना, मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के एक गांव में दस साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी ने घटना के कुछ समय बाद घर से दूर खेतों में एक धार्मिक स्थान के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बच्ची के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। बच्ची के परिजन और पुलिस भी रात में आरोपी की तलाश में घूमते रहे, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। रविवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने उसे पेड़ में फांसी के फंदे पर लटके देखा। इस पर उन्होंने प्रधान और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व फील्ड यूनिट टीम। अमृत विचार

थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस में भैंस के बच्चा होने पर भोज का कार्यक्रम था। जिसमें वह बच्चों सहित शामिल होने गई हुई थी। वहीं पड़ोसी युवक आलोक उर्फ सतीश प्रजापति पुत्र राम आसरे प्रजापति ने मेरी दस वर्षीय पुत्री को बहाने से अपने घर भेजा। पीछे से घर में जाकर पुत्री को जबरदस्ती खेतों की ओर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब बच्ची नहीं आई तो उसकी तलाश की गई। फिर रात में ही पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस और परिजन बच्ची की तलाश में जुट गए। देर रात बच्ची गांव से दो किमी दूर बंबा पुलिया के पास रोते हुए मिली। मां ने बताया कि बच्ची ने उसे रोते हुए बताया कि आलोक ने अपने घर के जानवर बांधने वाले कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके शोर मचाने पर उसे मुंह दबाकर यहां लाए और छोड़कर फरार हो गया। यह बात सुन परिजन पुलिस के साथ आलोक की तलाश करते रहे।

रविवार की सुबह आलोक का शव गांव से दो किमी दूर एक धार्मिक स्थान पर पेड़ से लटका मिला। आलोक ने इस धार्मिक स्थल पर चढ़ने वाली हरे रंग की चादर की पट्टियां जोड़कर फांसी लगाई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। सूचना पर मौके पर मौदहा सीओ राजकुमार पांडेय, नायब तहसीलदार सत्य प्रकाश वर्मा, थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति मौके पर पहुंचे। साथी फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

## तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, चालक की मौत

**राठ।** कस्बे के उरई रोड में रहने वाले एक रिसोर्ट के मालिक आयुष राजपूत की दिल्ली जाते समय रास्ते में औरैया जनपद के बिधूना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में मौत हो गई है।

कस्बे के उरई रोड निवासी आयुष राजपूत (30) पुत्र वीरेंद्र राजपूत अपनी कार से दिल्ली जा रहे थे। तभी रास्ते में औरैया जनपद के बिधूना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इटैली चौकी के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अचानक उसकी कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक ट्रक से जा टकराई। जिससे हुए हादसे में कार सवार आयुष राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई तथा कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कार चला रहे आयुष के शव को बाहर निकालकर शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। जानकारी लगते ही युवक के परिवार में कोहराम मच गया। आयुष राजपूत का विवाह बीते करीब 3 वर्ष पूर्व हुआ था तथा पत्नी से उसका विवाद भी चल रहा था। आयुष अपने पीछे मां कमला, भाई अभय और बहन सताक्षी सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है।

# आरोग्य मेले का सीएचसी प्रभारी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र की तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का सीएचसी प्रभारी ने औचक निरीक्षण किया। जहां डॉक्टर मरीजों का उपचार करते पाए गए।

क्षेत्र के भौली गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 2:20 बजे सीएचसी प्रभारी डॉ. सुनील कुमार जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया। जहां 42 मरीजों का उपचार किया गया। मौके पर डॉ. दयानंद मिश्रा मरीजों को उपचार करते मिले। वहीं कुसमरा गांव की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. रिद्धि सिद्धि मौके पर मिली। जिसमें 61 मरीजों को उपचार किया गया। मिश्रीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. प्रदीप मौके पर मिले और 47 मरीजों को उपचार किया गया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएचसी प्रभारी सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि बेरी में आरोग्य मेले में 40 मरीजों व पारा पीएचसी में 42 मरीजों का उपचार किया गया। ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम के आ रहे हैं। जिनका उपचार डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सीएचसी के फार्मासिस्ट योगेंद्र यादव, डॉ. अनिल कुशवाहा, स्टाफ नर्स, एएनएम आदि मौजूद रहे।



भौली पीएचसी में लगे आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएचसी प्रभारी। अमृत विचार



नेत्र शिविर में मरीज की आंख की जांच करते डॉ.सुरेश। अमृत विचार

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 95 मरीजों की आंखों का किया गया परीक्षण

**कुरारा।** गांव गांव में आंखों के मरीजों को मुफ्त इलाज की योजना चला रहीं भाजपा अनु.मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष संध्या वर्मा ने विकासखंड के सिकरोढ़ी गांव में नेत्र शिविर का आयोजन किया। शिविर में 95 मरीजों के आंखों की जांच हुई।

शिविर में जिला अस्पताल के नेत्र चिकित्सक डॉ. सुरेश और एलटी सूर्य कुमार ने 95 मरीजों के आंखों का परीक्षण किया। जिसमें 15 मरीज मोतियाबिंद के शिकार मिले, तीन मरीजों में नाख़ूना की शिकायत मिली। साथ ही नौ मरीजों में सबलबाई से ग्रसित मिले। शेष मरीजों के चश्मे की जांच हुई। सभी मरीजों को दवा व चश्मा निःशुल्क दिया गया। मोतियाबिंद के मरीजों को सोमवार को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। इस दौरान भाजपा अनु मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष संध्या वर्मा पत्नी डॉ. सुरेश कुमार ने सभी मरीजों को आंख को सुरक्षित रखने व सावधानी बरतने की सलाह दी।

# समाज में अच्छे बनना है तो अहंकार का त्याग करना होगाःआत्मानंद गिरि

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में चल रही राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंचदशनाम जूना अखाड़ा छत्तीसगढ़ के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज ने कहा कि जब तक रामकथा की चक्की में नहीं पिसोगे तब तक जीवन में निखार नहीं आ सकता है इसलिए मनुष्य को राम के चरित्र आदर्श को समझना बहुत जरूरी है।



राम कथा सुनाते स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज।

राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि अगर समाज में अच्छे बनना है तो अहंकार का परित्याग करके झुकना सीखना होगा तभी समाज में अहमियत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस संसार पर जिस पर विश्वास नहीं हो उसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए बल्कि उसकी परीक्षा लेनी चाहिए। परिणाम स्वतः सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि मन बड़ा चंचल होता है इसलिए मनमानी करता है। मनुष्य को मन पर नियंत्रण रखना चाहिए और यह तभी संभव होगा जब आप राम के चरित्र एवं आदर्शों को अंगीकार करोगे। कथा व्यास ने कहा कि बनना और होना दोनों में बहुत अंतर है उन्होंने असली और नकली के अंतर को बहुत अच्छे ढंग से बताया। कथा में भारी भीड़ उमड़ी।



श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में चल रही राम कथा का श्रवण करते श्रोता। अमृत विचार

# केजीएन मौदहा ने दिल्ली को 6 विकेट से हराकर जीती ट्रॉफी

**मौदहा।** कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे फेज में शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल मुकाबला केजीएन मौदहा और दिल्ली के बीच 20-20 ओवरों का खेला गया। जिसमें केजीएन मौदहा ने दिल्ली को 6 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

टूर्नामेंट की शुरुआत मुख्य अतिथि फिरोज कानपुर ने दोनों टीमें के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए और केजीएन मौदहा को 185 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केजीएन मौदहा ने चार विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ दी मैच प्रियांशु रहे। जबकि मैन आफ दी सीरीज अभय चुने गए। जिन्हें मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी सहित विजेता टीम को 80 हजार एवं उपविजेता को 60 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंपायर की भूमिका डॉ.आसिफ परवेज व अज़ीज़ मिंटू ने निभाई। जबकि स्कोरिंग समीर व कमेंट्री अब्दुल कादिर ने की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, मोहम्मद अहमद (गुड्डू भाई), ममनून बंगस, अनीस, कलीम उल्लाह सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

**दिखाई प्रतिभा** | चित्रगुप्त इंटर कालेज में कार्यक्रम, बच्चों ने विज्ञान के नये-नये मॉडल भी सजाए

# वार्षिकोत्सव में जमकर थिरके विद्यार्थी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के चित्रगुप्त इंटर कालेज में लक्ष्मी प्रसाद सक्सेना का 99 वां जन्मोत्सव व वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने विज्ञान के मॉडल सजाकर उनका प्रदर्शन किया। वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमलावती सिंह अध्यक्ष महिला कल्याण निगम एवं उपाध्यक्ष भाजपा, पूर्व विधायक डॉ.अम्बेश कुमारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया और प्रधानाचार्य डॉ. सत्यनारायण सिंह परिहार ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत साक्षी, सजल, डोली, शिवानी, आयुषी, लक्ष्मी और अंशिका ने मां सरस्वती की वंदना से की। इसके बाद प्रधानाचार्य डॉ.सत्यनारायण सिंह परिहार ने सभी अतिथियों का आभार जताया। छात्रा अंशिका, पलक, जानवी, दीपांशी एवं आरोही ने मंगल शुभ दिन आयो शुभ स्वागतम गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि कमलावती सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा के बुंदेलखंड में इस विद्यालय का विशेष योगदान है। उन्होंने विद्यालय की तारीफ करते हुए बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान शुभि, तनु, शशि, शिखा, एवं काजल ने गुजराती गीत पर नृत्य कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। रूपाली, परी, मुस्कान, प्रतीक्षा, कनिष्का, सौम्या, काव्या, दिव्या और उन्नति ने सबसे प्यारा कौन पापा मेरे पापा गीत पर प्रस्तुति दी। जिस पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत, नशा मुक्ति नाटक, कत्थक अभिनय नृत्य, राजस्थानी गीत, नाटक अनपढ़ नेता, राधा कृष्ण अभिनय गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शिनी में मॉडल सजाए। सुबह लक्ष्मी प्रसाद सक्सेना का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य शिक्षकों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव कुमार, अशोक पालीवाल अमगांव, प्रमोद सिंह गौड़ आदि मौजूद रहे।



दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि व गुजराती नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

## रामलीला में ताड़का वध का हुआ मंचन

**मौदहा।** इचौली मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में रविवार के दिन में शतचंडी यज्ञ स्थल के समीप रामलीला का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों ने ताड़का वध और जानकी जन्म की लीला का मंचन किया।

मंचन में दिखाया गया कि सुबाहु और मारीच ने रावण के कहने पर ऋषि-मुनियों के यज्ञ में विघ्न डाला। इस पर ऋषि विश्वामित्र ने यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण की मदद मांगी। प्रारंभ में राजा दशरथ ने असमर्थता जताई। ऋषि वशिष्ठ के समझाने पर उन्होंने राम-लक्ष्मण को भेजने की सहमति दी। कार्यक्रम में राम और लक्ष्मण द्वारा ताड़का वध का मंचन किया गया। साथ ही राजा जनक के यहां सीता के जन्म की लीला भी प्रस्तुत की गई। चित्रकूट राघव रामलीला नाट्य कला मंच के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत नृत्य एवं कला का प्रदर्शन किया। जिसकी सभी ने सराहना की।

# 'राहे उल्फत को वो आसान बना देता हादसे गम को जो अश्कों से बुझा देता'

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



मुशायरे में अपने कलाम पेश करते शायर। अमृत विचार

- हुसैनगंज में मुशायरे का आयोजन शायरों ने पेश किए कलाम

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित मास्टर फखरुद्दीन यावर के मकान में बज्मे करीम के बैनर तले मुशायरा संपन्न हुआ। इसकी सदारत रमजान खां साहिल और संचालन मसीह निजामी ने किया। मुख्य अतिथि ममनून अहमद बंगश रहे। इस अवसर पर अब्दुल इस्लाम द्वारा शायर मसीह निजामी को सम्मानित किया गया।

मुशायरे का आगाज मास्टर तकी ने नात पढ़कर किया। इसके बाद सभी शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। बदरुद्दीन तैयब ने शेर सुनाया रेत पर कितनी भी ऊंची तू इमारत कर ले, एक तूफान उसे पल में गिरा देता है। ममनून अहमद बंगश ने शेर पढ़ा खासियत एक तबस्सुम की सुनो अय जाना, दिल के वीराने में जुगनू सा जला देता है। मसीह निजामी ने पढ़ा अपने जहनों में कभी जंग न लगने देना, जंग वो शय है जो लोहे को गला देता है। यावर मौध्वी ने शेर सुनाया देखिए तो जरा ये नादानी, चांद तकते हैं दोपहर वाले। साहिल मौध्वी ने पढ़ा राज रह जाएगा नामुमकिन, जब इधर से मिले उधर वाले। आकिल बिजनौर ने पढ़ा राहे उल्फत को वो आसान बना देता है, हादसे गम को जो अश्कों से बुझा देता है। कमर निजामी ने पढ़ा कोई इंसा भला इंसान को क्या देता है...। इनायत मोईन ने पढ़ा तुम समझते हो ये सूरज की है खुद की कुदरत, हम ये कहते हैं उसे हुक्म खुदा देता है।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदूक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महोबा।** चरखारी पुलिस टीम ने एक आरोपी को अवैध बंदूक सहित गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के उपनिरीक्षक अनूप कुमार पांडेय ने मय हमराह हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव व कांस्टेबल राहुल यादव के साथ चेकिंग के दौरान आरोपी शिवपाल अहिरवार (37) पुत्र नन्हुआ अहिरवार निवासी ग्राम रिवई को गोशाला मोड़ के पास से अवैध 12 बोर बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया।

### ग्रापए की वार्षिक बैठक

**कुलपहाड़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक जीबी इस्लामिया इंटर कॉलेज संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से पांच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर ए जिला एवं तहसील इकाइयों के पुनर्गठन पर सहमति बनाई गई। बैठक दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान ने देवेंद्र अरजरिया को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। वर्तमान जिलाध्यक्ष मोहम्मद जमाल अहमद कादरी ने अपने तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने की बात कहते हुए स्वयं संन्यास लेने की इच्छा व्यक्त की और यह जिम्मेदारी देवेंद्र अरजरिया को सौंपे जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। बैठक में मोहम्मद यूनुस खान, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद इख्लाख, हरिदर्शन नायक ,तौसीफ, किशन प्रसाद सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, रामराजा सोनी, मोहम्मद यूसुफ, अरविंद अनुरागी, अजय व्यास, हरि सिंह राजपूत, सलमान, चांद बाबू मंसूरी, इप्तखार अली, देवेंद्र राठौर, फैजान अली, समीर मौजूद रहे।

### 14 दिसंबर को लगेगा नेत्र शिविर

**कालपी।** कालपी प्रेस क्लब द्वारा 14 दिसंबर दिन रविवार को कालपी के रोजबर्डस पब्लिक स्कूल में विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर लगेगा। इस शिविर में जवाहरलाल रोहतगी आई हॉस्पिटल कानपुर के डॉक्टरों द्वारा लोगों के नेत्रों का परीक्षण होगा। कालपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने बताया की 14 दिसंबर को रोजबर्डस पब्लिक स्कूल के सामने नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगेगा।

# चोरों ने मोइबाइल दुकान में की हजारों की चोरी

**महोबा।** शहर के आल्हा चौक स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से रात में अज्ञात चोरों ने मोबाइल, स्मार्ट वॉच व नकदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने सुबह जब दुकान का ताला टूटा देखा तो उसके होश उड़ गए और आनन-फानन में कोतवाली पुलिस को चोरी की लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

शहर के गांधीनगर निवासी रमाकांत सोनी ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी आल्हा चौक पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है, जिसके साथ वह मोबाइल, स्मार्ट वॉच और अन्य सामान की बिक्री भी करता है। बताया कि बीती रात वह दुकान बंद करके घर चला गया, तभी रात करीब एक से सुबह साढ़े तीन बजे के समय अज्ञात चोरों ने दुकान की शटर का ताला तोड़कर उसमें रखे 5 मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये है साथ ही स्मार्ट वॉच और गुल्लक में रखे 12 हजार रुपये सहित अन्य सामान चोरी कर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस से चोरी का खुलासा कर सामान वापस दिलाए जाने की मांग की है।

# देश की अर्थव्यवस्था दिन पर दिन गिर रही : अजय राय

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**13** जिलों में अब तक कर्मियों की मौत का आकड़ा बताया

- मृतक बीएलओ के परिजनों से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष


पवा गांव में मृतक के परिजनों से बातचीत करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार।** कबरई ब्लॉक के ग्राम पवा में बीएलओ सहायक के रूप में कार्यरत शिक्षामित्र शंकरलाल राजपूत ने कथिततौर पर कार्य के दबाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिवार से मिलने पवा गांव पहुंचे।

प्रदेश अध्यक्ष ने परिवारजनों को सांत्वना देते हुए मृतक के परिजनों के लिए सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की। अजय राय ने कहा कि शंकरलाल की मौत अकेली घटना नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में बीएलओ व कर्मियों पर पड़ रहे असहनीय दबाव का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि महोबा सहित उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में अब तक बीएलओ और संबंधित कर्मियों की मौतें हो चुकीं हैं, जिनके लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार जिम्मेदार हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर (सर्वे ऑफ वोटर लिस्ट) में लगे बीएलओ और सहायक कर्मियों पर लगातार बढ़ते दबाव के कारण उनकी जान जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि एसआईआर कार्य के लिए 7–8 माह का समय निर्धारित किया जाए, ताकि मैदान में काम कर रहे कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव न पड़े।

देश की आर्थिक स्थिति पर कटाक्ष करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दिन पर दिन गिर रही है। यही कारण है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से विपक्ष के नेता राहुल गांधी को मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने इंडिगो एयरलाइंस से जुड़े हालिया विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि 64 प्रतिशत एकाधिकार वाली इस व्यवस्था में जो हालात बने हैं, वह सरकार की नीतिगत विफलता को उजागर करते हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव बृजराज सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष धुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष आफाक सरवर, पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, राजेश दीक्षित जिलाध्यक्ष बांदा, यादवेंद्र यादव, राकेश सिंह, अखिलेंद्र नामदेव, बृदावन कुशवाहा, बलदेव रैकवार, अजीज मंसूरी, खेमचंद्र अहिरवार, अनिल श्रीवास्तव, संजय वर्मा, शहंशाह अली, संतोष रैकवार, देवकीनन्दन, मुकेश सक्सेना रहे।

# समिति में आई यूरिया खाद पुलिस की निगरानी में बंटी

## 250 किसानों को मिली दो-दो बोरी, आधे लौटे, अजनर साधन सहकारी समिति का मामला

संवाददाता, बेलाताल



समिति में यूरिया खाद लेने के लिए खड़े किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजनर साधन सहकारी समिति में कई दिनों बाद यूरिया खाद आने की सूचना मिलते ही सुबह से किसानों की भारी भीड़ समिति पहुंच गई। किसान यूरिया खाद लेने के लिए लाइन में खड़े हो गए। सारा दिन खड़े होने के बाद आधे किसानों को ही यूरिया मिल सकी, वहीं जिन किसानों को यूरिया नहीं मिली उनमें खासा गुस्सा नजर आया। समिति सचिव ने किसानों द्वारा हंगामा किए जाने की आशंका के चलते पहले ही पुलिस बुला ली थी इससे कोई हंगामा नहीं हुआ।

अजनर साधन सहकारी समिति में यूरिया खाद के वितरण के दौरान भारी अव्यवस्था देखने को मिली। जैसे ही खाद आने की सूचना किसानों तक पहुंची तो वह सुबह से ही समिति परिसर पहुंच गए और लंबी कतार लगा ली। करीब 500 किसान पूरे दिन लाइन और समिति के चक्कर लगाते रहे, बावजूद इसके सिर्फ 250 किसानों को ही यूरिया खाद मिल सकी, जबकि 250 किसान बैरंग वापस लौटने को मजबूर हुए। किसानों का कहना है कि पहले डीएपी खाद के लिए मारामारी करनी पड़ी और किसी तरह डीएपी का जुगाड़ हुआ अब यूरिया लेने में भी पहले जैसी स्थिति बनी हुई है।

किसानों का कहना है कि खाद की आपूर्ति कम होने से हर बार उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई किसानों ने मांग की है कि रबी सीजन को देखते हुए जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। समिति के सचिव भूप किशोर ने बताया कि इस बार 500 बोरी यूरिया खाद आई थी, जिसे दो दो बोरी के हिसाब से 250 किसानों को वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को खाद नहीं मिल सकी, उन्हें अगली खेप आने पर प्राथमिकता के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि किसानों की अधिक संख्या को देखते हुए उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से पहले ही पुलिस व्यवस्था करा ली थी और पुलिस की देखरेख में यूरिया खाद का वितरण किया, जिससे किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

## एएसपी ने कुलपहाड़ थाने का किया निरीक्षण

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड की उपस्थिति में थाना कुलपहाड़ का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, कानून व्यवस्था की स्थिति एवं महिला सुरक्षा से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं मालखाना का निरीक्षण किया। अभिलेखों के सुरक्षित संधारण, समयबद्ध प्रविष्टियों तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली को देखते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। इसके बाद थाने के शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए असलहों की साफ सफाई, रख रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। इसके उपरांत गार्ड फाइल, रजिस्टर-08, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, मालखाना रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी सूची एवं न्यायालय संबंधी अभिलेखों का सावधानीपूर्वक अवलोकन किया गया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह सहित थाना स्थानीय पर नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्युत कनेक्शन काटने पर महिलाओं ने की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के लाड़पुर गांव में एक उपभोक्ता का लाखों रुपये बिजली बिल बकाया होने पर उसका कनेक्शन काटना विद्युत विभाग के कर्मचारियों को भारी पड़ गया। कनेक्शन काटे जाने पर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग टीम के अधिकारियों, कर्मचारियों को लाठी-डंडों से मारपीट कर दौड़ा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस के आने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने जबरन घर में घुसने और रिश्वत मांगे जाने का विभाग की टीम पर आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर दो ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

लाड़पुर गांव में कुलपहाड़ विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता गोपाल कुमार के नेतृत्व में टीम ने बिजली बिल राहत योजना के तहत कैंप लगाया था। टीम ने ग्रामीणों को बकाया बिल जमा करने और योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही थी। इसी दौरान, उपभोक्ता जयपाल राजपूत का 3,38,476 रुपये का बकाया बिल जमा न होने पर टीम ने उनका कनेक्शन काट दिया। विद्युत विभाग ने बताया कि कनेक्शन काटे जाने के बाद उपभोक्ता आक्रोशित हो गया और चंद्रप्रकाश पाल और महिलाएं लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचीं और टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान विभागीय अवर अभियंता का मोबाइल भी छीनकर फेंक दिया। विभागीय कर्मियों ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उधर ग्रामीण उपभोक्ता और महिलाओं ने बिजली विभाग की टीम पर आरोप लगाते हुए बताया कि जब बिजली कर्मी चेकिंग के लिए घरों में पहुंचे, तब कोई पुरुष सदस्य घर पर मौजूद नहीं था बावजूद इसके विद्युत टीम के सदस्यों ने घरों में घुसने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि टीम ने कनेक्शन न काटे जाने पर 2000 रुपये की रिश्वत भी मांगी और रिश्वत न देने पर उन्होंने कनेक्शन काट दिए। बताया कि अवैध वसूली और अभद्रता का विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जयपाल और चंद्रप्रकाश पाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राहिया में बनेगा सामुदायिक भवन

संवाददाता, उरई (जालौन)


भूमि पूजन करते सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा। अमृत विचार

- सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने किया भूमि पूजन

**अमृत विचार।** अब राहिया के लोगों को शुभ अवसरों के कार्यक्रम कराने के लिए न तो परेशान होना पड़ेगा और न ही इधर उधर भटकना पड़ेगा। क्योंकि गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू हो गया है। ग्रामीणों की जरूरत को देखते हुए उसका निर्माण कराया जा रहा है। रविवार को भाजपा के सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने पूरे विधिविधान से भूमि पूजन कराकर कार्य शुरू कराया।

जनपद-जालौन के विकास खण्ड-डकोर के ग्राम-राहिया में एकीकृत विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सामुदायिक केन्द्र भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास (भूमि पूजन) आज किया गया। विधायक गौरीशंकर वर्मा के कर करमलों द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन हुआ। इसमें विधायक द्वारा विधिवत् पूजा-अर्चना करते हुए कार्य प्रारम्भ कराया गया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सामुदायिक केंद्र का निर्माण होने से ग्राम वासियों को सार्वजनिक व शुभ कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीणों की जरूरत के हिसाब से विकास कार्य करा रही है। इस भवन निर्माण से ग्रामीणों को बहुत ज्यादा लाभ मिलेगा। अब वह बगैर किसी परेशानी के अपने गांव में ही कार्यक्रम करा लेंगे। निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 64.99 लाख है। भूमि पूजन के अवसर पर कार्यदायी संस्था के अवर अभियन्ता नागेन्द्र प्रताप सिंह एवं अक्षयदीप राज सहित ग्राम प्रधान रामसेवक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## इकबाल अलवी के निधन से शोक

**महोबा।** रियासत काल में चरखारी स्टेट के गृहमंत्री तथा महाराजा अरिमर्दन सिंह के करीबी सिपहसालार रहे याहिया अलवी के नाती सिकंदर इकबाल अलवी का 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया।


सिकंदर इकबाल।

उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर है। सिकंदर अलवी की मां जरीना अलवी, इरफान अलवी, आसिफ अलवी, तारिक अलवी, खालिद अलवी सभी 80 के दशक में अमेरिका चले गए और अमेरिका की नागरिकता ले ली। उनकी मां व भाई के साथ सिकंदर अलवी को भी अमेरिका जाना था, लेकिन उन्होंने हिन्दुस्तान छोड़ने से मना कर दिया और अपने दादा के मकान में रहते रहे।

# पुलिस लाइन में लगा होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

कार्यालय संवाददाता, महोबा


स्वास्थ्य शिविर में जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर रविवार को पुलिस लाइन में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर होम्योपैथिक चिकित्सकों ने पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया। शिविर में होम्योपैथिक उपचार पद्धति, उसके लाभ, उपयोग तथा दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले स्वास्थ्य संबंधी उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

डॉ. सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस लाइन में चिकित्सकीय टीम ने पुलिस लाइन में आवासित पुलिस अधिकारी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य टीम ने विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श प्रदान करते हुए दवाओं का वितरण किया और उन्हें खाने का तरीका भी बताया, जिससे उन्हें तत्काल उपचार का लाभ प्राप्त हो सका। शिविर में सामान्य रोगों की रोकथाम एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन, बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण, महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य परामर्श तथा दीर्घकालिक रोगों में होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभ जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

डॉ. सुरेंद्र कुमार ने होम्योपैथी की जानकारी देते हुए कहा कि होम्योपैथी एक सुरक्षित और सौम्य चिकित्सीय तरीका है, जो कई प्रकार की बीमारियों का प्रभावी उपचार कर सकता है और रोगी को होम्योपैथिक दवाओं की लत नहीं लगती। कहा कि यह दवाएं गर्भवती, स्तनपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि होम्योपैथिक दवाएं प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करके बनाई जाती है। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिव कुमार सिंह सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | किन्नर सम्मेलन के सातवें दिन सजधज कर शोभायात्रा में शामिल हुए किन्नर

# किन्नरों ने निकाली शोभायात्रा, नागरिकों ने किया स्वागत

संवाददाता, चरखारी


कलश यात्रा के बाद व्यापारियों का धन्यवाद देते किन्नर। अमृत विचार

- शोभायात्रा का जगह-जगह व्यापारियों व लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन के सातवें दिन किन्नरों ने नगर में शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा की शुरुआत शिवपाल यादव ने की। शोभायात्रा एक पैलेस से आरंभ हुई जो बीपार्क, झंडा चौराहा, ड्योढी दरवाजा सहित विभिन्न चौराहों से होते हुए पुनः पैलेस में जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का व्यापार मंडल व अन्य लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और किन्नरों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।

शोभायात्रा के दौरान किन्नर पीले वस्त्रों के साथ पीली धातु के गहने पहने हुए थे। किन्नरों की शोभायात्रा को देखने के लिए नगर में जगह जगह दोनों तरफ महिलाएं व पुरुष खड़े दिखाई दिए, वहीं तमाम लोग अपनी अपनी छतों से शोभायात्रा देखने के लिए पहले से डटे दिखाई दिए। शोभायात्रा निकलते समय दुकानदार अपनी दुकानों से बाहर निकलकर शोभायात्रा का स्वागत करते दिखाई दिए। नगर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री रामजी सोनी ने व्यापारियों के साथ अपने प्रतिष्ठान के सामने किन्नरों का पंडाल लगाकर स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा, प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष न्याज अहमद खां, रामराजा तिवारी, शेख गफ्फार आदि ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। स्वागत पर किन्नर गुरु राखी मां ने सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कस्बा चरखारी में आयोजित कार्यक्रम में ऐतिहासिक स्वागत देखने को मिला। इसके लिए किन्नर समाज नगरवासियों का ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज चरखारी के व्यापार को ऊंचाइयों तक पहुंचने तथा कस्बा के विकास के लिए दुआएं कर रहा है।

## महिलाओं ने सड़क का निर्माण रोकने को सौंपा ज्ञापन

**कालपी ।** तहसील दिवस कालपी में शनिवार को ग्राम देवकली की दर्जनों महिलाओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने ग्राम हीरापुर दिवारा में चल रहे बालू खनन से जुड़े ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही सड़क पर आपत्ति जताते हुए निर्माण कार्य रोकने की मांग की।

महिलाओं ने बताया कि खनन कार्य के संचालन के लिए ठेकेदार देवकली गांव की आबादी से सटे रास्ते को बना रहा है। इससे ओवर लोड ट्रकों के गुजरने से हादसे होंगे। ज्ञापन में मांग की गई है कि सड़क का निर्माण आबादी से कम से कम 500 मीटर की दूरी पर कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि वे सड़क निर्माण के विरोध में नहीं हैं, परंतु उसके मार्ग का निर्धारण जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जाए।

# पहले अपने हृदय की बुराई दूर करें

कार्यालय संवाददाता महोबा


भजन प्रस्तुत करते कबीर भक्त। अमृत विचार

- संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को नगर के कबीर आश्रम में सत्संग कार्यक्रम हुआ। समिति प्रमुख ने सत्संग की शुरुआत कबीर वंदना से की और इसके बाद उन्होंने कहा कि समाज की सेवा छोटा बनकर की जाती है। पहले अपने हृदय की बुराइयों को दूर करे, फिर दूसरों की बुराई देखे। डॉ. एलसी अनुरागी ने कबीर दोहा सुनाते हुए कहा कि बुरा जो देखन मैं चला बुरा न मिल्या कोय, जो दिन खोजा आपका मुझसे बुरा न कोय। कहा कि मनुष्य अक्सर दूसरों की बुराई देखने में ही लगा रहता है, जबकि अपनी कमियों पर ध्यान नहीं देता, इसलिए यह दोहा आत्म ज्ञान और आत्म सुधार का महत्व समझाता है। वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने अपनी रचना कबीरा रखियो मोरी लाज प्रस्तुत की। अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने सत्य वचन का अनुशरण करने के लिए सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप की विस्तार से व्याख्या की। सत्संग में मुंबई से आए प्रोफेसर मदन दुबे ने भजन सुनाया। अंकलेश्वर विपुल पटेल व धर्मेंद्र सिंह ने कबीर के दोहे सुनाए। सत्संग में पंडित जगदीश रिछारिया, पूर्व प्रवक्ता कामता प्रसाद चौरसिया, सुखराम स्नेही, हरीशंकर नायक ने भी कबीरी भजन प्रस्तुत किये। इस मौके पर लखनलाल, ढोलक वादक रामदीन अनुरागी, गायक इंद्रजीत, पप्पू सैन आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 13 आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष सरधुआ राम सिंह ने जनता में भय आतंक फैलाने के आरोप में 13 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया। पुलिस ने अनिल उर्फ टिड्डा, मनोज, छोटू उर्फ पंकज, राजेंद्र निवासीगण ग्राम दरसेड़ा, मोनू उर्फ मुकेश निवासी हकीमपुर, इंद्रजीत निषाद निवासी ग्राम केंवटन का पुरवा मजरा तीरधुमाई गंगू, लवलेश कुमार मिश्र उर्फ मुद्रा, अमन मिश्रा, संतोष कुमार उर्फ टामी, वेदप्रकाश मिश्रा, शिवनारायण सिंह उर्फ कल्लू, अनिकेत उर्फ रोहित सिंह, जितेंद्र मिश्रा उर्फ लल्लू और श्रवण कुमार मिश्रा पुत्र रामनरेश मिश्रा निवासी ग्राम चिल्लीमल के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस की कार्रवाई की।

### अलग-अलग मामलों में पांच वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई अजहर जमाल ने वारंटी रामचंद्र निषाद निवासी किशोर का पुरवा मजरा सुरवल को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी सीतापुर यदुवीर सिंह ने वारंटी राजेश कुमार बउआ पुत्र बुद्ध निवासी बड़े पुरवा तरौंहा को गिरफ्तार किया। रैपुरा के एसआई जटाशंकर शुक्ला ने अनिल उर्फ झिंगा पुत्र राजा निवासी अगरहुंड़ा को गिरफ्तार किया। मऊ थाने के एसआई मुन्नीलाल ने वारंटी बबलू पुत्र हरिराम निवासी ग्राम छिवलहा को पकड़ा। और थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी के एसआई अंशुल कुमार ने वारंटी बबलू पुत्र राममिलन निवासी सिद्धपुर को गिरफ्तार किया।

### भाजपा नेता ने की मारपीट की शिकायत

**चित्रकूट।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम अग्रहरि ने पुलिस अधीक्षक से कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने की शिकायत की है। राधेश्याम ने बताया कि बीते दिनों वह लोढ़वारा मोड़ के पास हनुमान मंदिर में दर्शन करने गया था। इसी दौरान वहां खड़े दो लोगों ने उससे ड्राइविंग लाइसेंस मांगा और मना करने पर अज्ञात व्यक्तियों के साथ उसे मारापीटा। इससे वह बेहोश हो गया। बाद में ये लोग उसे एक्सीडेंट में घायल होने की बात कहकर घर में छोड़ गए। गंभीर रूप से घायल होने पर उसकी पत्नी उसे प्रयागराज ले गई, जहां इलाज में लगभग 60 लाख रुपये खर्च हो गए। उसका कहना है कि आरोपी उससे डीएल इसलिए मांग रहे थे कि उन्होंने किसी का एक्सीडेंट कर दिया था और इस मामले में डीएल की आवश्यकता थी। बताया कि इलाज कराने की वजह से वह समय से एफआईआर नहीं दर्ज करा सका।

# चरवाहों को पीट कर बकरियां ले गए बदमाश

## मुंह पर कपड़ा बांधकर आए थे मवेशी चोर, पैदल ही बकरियों को हांक कर जंगल की ओर ले गये

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जंगल में बकरियां चरा रहे ग्रामीणों को नकाबपोश बदमाशों ने जमकर पीटा। बदमाश इनकी लगभग चालीस बकरियां हांक ले गए। लुटे पिटे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सीमावर्ती गांव होने की वजह से एमपी, यूपी पुलिस बदमाशों का पता लगाने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, बीते दिन थाना मारकुंडी अंतर्गत डोंडामाफी गांव में ग्रामीण रामप्रकाश यादव और श्यामसुंदर यादव आदि बकरियों को चराने पास की सोसाइटी कॉलोनी के पास के जंगल गए थे। इसी दौरान लगभग आठ नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे। इन लोगों ने चरवाहों को लाठियों से धुन दिया और फिर रस्सी से बांधकर डाल दिया। लगभग 40 बकरियां हांककर मुरली जंगल की ओर निकल गए। उधर, जब देर तक चरवाहे घर नहीं पहुंचे तो घरवाले ढूंढते-ढूंढते जंगल पहुंचे। जहां दोनों को बंधा देखकर सन्न रह गए। चरवाहों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


भुक्तभोगी ग्रामीण, जिनकी बकरियां ले गए बदमाश। अमृत विचार


खोही के पास पकड़ी गई बकरियों से भरी पिकअप। अमृत विचार


पीड़ित वृद्ध। अमृत विचार

**पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं:** गौरतलब है कि यह इलाका मप्र और उप्र की सीमा में आता है। ऐसे में मवेशीचोरों को भागने में आसानी होती है। जानकारी के मुताबिक, कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश के मझगवां थानांतर्गत बरुआ और मटिया चुआ गांवों में भी रात के अंधेरे में दीवार फांदकर बकरियां पार की गई थीं। भैंस चोरी के भी कई मामले सामने आ चुके हैं।

### पुलिस ने की सीमा में सर्चिंग

- सीमा से सटे घने जंगलों में बकरी चोरी की घटनाओं में अचानक आई तेजी के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। पिछले कुछ दिनों से यूपी की तरफ से चोरी कर बकरियों को एमपी के जंगलों में छिपाने की आशंका भी है। मप्र के मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे एवं धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल के नेतृत्व में टीम ने कजरा, ढोलबजा, लेदरी, सरभंगा, बिछियन आदि गांवों से जुड़े घने जंगलों में कांबिंग की और संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली। पुलिस का मानना है कि एक प्रदेश में वारदात करने के बाद चोर दूसरे प्रदेश के जंगलों में छिप जाते हैं और वहीं आसपास बकरियां बेच देते हैं।

### पकड़ी गई बकरियों से लदी पिकअप, जांच में जुटी पुलिस

- खोही चौकी अंतर्गत ग्राम सेमरिया जगन्नाथ वासी में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक पिकअप को पकड़ा। इसमें बकरे और बकरियां क्रूरतापूर्वक लादी गई थीं। सूचना पर खोही, मारकुंडी थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मारकुंडी थानाप्रभारी निशिकांत राय ने बताया कि मौके पर उन ग्रामीणों को भी बुलाया जाएगा, जिनकी बकरियां लूटी गई हैं। अगर इनमें उनकी बकरियां होंगी तो उनके सुपुर्द कर दी जाएंगी।

# नौनिहालों के सामने गलन से जूझने की चुनौती

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

- आधार कार्ड न बनने से नहीं मिल पा रही धनराशि

**अमृत विचार।** ठंड में स्कूलों में पढ़ने वाले नौनिहालों के सामने बढ़ रही शीतलहर की गलन से जूझने की चुनौती है।

जानकारी के मुताबिक, रामनगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के छात्रों की डीबीटी आधार न होने की वजह से अधर में है। इससे अभिभावक के बैंक खाते में धनराशि नहीं पहुंची। ऐसे में बच्चे बिना स्वेटर मोजे के स्कूल जा रहे हैं। बताया जाता है कि अभिभावकों को आशंका है कि स्वेटर खरीद लेने पर सरकारी पैसा नहीं मिलेगा। बताया जाता है कि कुछ बच्चों के आधार कार्ड न बने होने से डीबीटी का लाभ उन्हें नहीं मिला रहा है। अभिभावकों ने नाम छिपाते हुए बताया कि पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय ने एक दर्जन से अधिक बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए आवेदन किया लेकिन आवेदन पत्र बीच में ही खो गया। अभिलेख खो जाने से उन बच्चों का आधार कार्ड बनना असंभव है। दिक्कत यह भी है कि नए आधार कार्ड की नियमावली ऐसी जटिल है कि इसे बनवाने से पहले बच्चों को जन्म प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी तभी आधार कार्ड बन पाएगा। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बरुवा में नामांकित छात्र संख्या 346 है, जिसमें 241 बच्चों को डीबीटी प्राप्त हुई है। 31 बच्चों को आधार नहीं होने से नहीं मिली है। इनमें दो दर्जन छात्रों के जन्म प्रमाण पत्र के अभिलेख तहसील राजापुर नहीं पहुंचे। यही हाल प्राथमिक विद्यालय शिवलहा पुरवा, गंज, सिरावल, समेत रामनगर क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों का है, जहां छात्रों के आधार न बने होने से सरकारी पैसा नहीं मिल पाएगा। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि शासन ने बच्चों के आधार कार्ड एवं अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी भेजती है लेकिन कुछ बच्चों के आधार नहीं होने से दिक्कत आई है। वहीं कुछ अभिभावक ऐसे भी हैं जो डीबीटी प्राप्त भी कर चुके हैं। इसके बाद भी बच्चों को स्वेटर नहीं खरीद रहे हैं। बीआरसी रामनगर में फिलहाल नए नहीं केवल आधार संशोधन का कार्य अभी चल रहा है। अभिभावक बच्चों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन करा सकते हैं।


अतिक्रमणरोधी अभियान की अगुवाई करते एसडीएम रामऋषि रमन। अमृत विचार

# जल्द ही मऊ के लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति : उपजिलाधिकारी

**मऊ चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ में अतिक्रमणरोधी अभियान जारी है। रविवार को एसडीएम रामऋषि रमन की अगुवाई में फिर से अतिक्रमण हटाया गया। बस स्टैंड, मिश्रा होटल के सामने, बाजार रोड, ब्लॉक मार्केट और यमुना रोड से अवैध कब्जे हटाए गए।

तेजतर्रार कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन की मौजूदगी में अवैध कब्जों पर देर शाम तक बुलडोजर चला। इस दौरान एसडीएम ने व्यापारियों से बात की और लोगों को समझाया। इससे बहुत से दुकानदार स्वयं अपना सामान हटाने लगे। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और सभी चिह्नित स्थानों से अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इस दौरान मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह, पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी और नगर पंचायत की टीम मौजूद रही। एसडीएम ने बताया कि यमुना रोड को नेशनल हाईवे से जोड़ने वाले मार्ग का चौड़ीकरण प्रगति पर है।

### शीतगृहों से आलू निकासी का काम पूरा

**चित्रकूट।** निदेशक भानु प्रकाश राम ने बताया कि प्रदेश में संचालित निजी शीतगृहों में भंडारित आलू के निकासी का काम लगभग पूरा हो गया है। कुछ एक शीतगृहों में अभी भी भंडारित आलू बचा है। बताया कि निजी शीतगृहों में आलू भंडारण की अवधि 15 फरवरी से 30 नवंबर तक निर्धारित है, जिससे किसानों को निकासी के लिए पर्याप्त अवसर मिल सके। बताया कि उप्र कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 में यह व्यवस्था है कि किरायादाता कृषक कोल्ड स्टोरेज में स्टोर किये गये माल को रसीद में विनिर्दिष्ट दिनांक से पंद्रह दिन की अवधि के भीतर न उठाए तो लाइसेंधारी शीतगृह स्वामी किसान को नोटिस देगा। नोटिस की एक प्रति लाइसेन्स अधिकारी/जिलाधिकारी को भेजेगा। किसान नोटिस तामील किये जाने के दिनांक से सात दिन की अवधि के भीतर निकासी न करे तो शीतगृह स्वामी माल को कोल्ड स्टोरेज से हटवा सकता है।



सांसद को ज्ञापन देने जाते परिषदीय शिक्षक। अमृत विचार


सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ सांसद को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- सांसद ने संसद में मुद्दा उठाने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय की अगुवाई में परिषदीय विद्यालयों के लगभग तीन सौ शिक्षक रविवार को सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल से उनके बबेरू स्थित आवास पर मिले। शिक्षकों ने उनको प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सांसद ने आश्वासन दिया कि वे शिक्षकों की मांगों को संसद में उठाएंगी और केंद्रीय शिक्षामंत्री से भी बात करेंगी।

सैकड़ों शिक्षक- शिक्षिकाएं सांसद को ज्ञापन देने पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बबेरू में बांदा इकाई के लोगों के साथ पैदल मार्च करते हुए सांसद के आवास तक गए। इस दौरान शिक्षक अपने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लिए थे। बताया कि सांसद से मांग की कि वे हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करें। बताया कि सांसद ने आश्वस्त किया कि वे न्याय दिलाएंगी। इस दौरान बांदा के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि लड़ाई बड़ी है। सभी को एकजुट रहना होगा। पीएम को संबोधित ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के साथ टीईटी दो वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया है। टीईटी उत्तीर्ण न करने की दशा में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी, जो कि न्यायोचित नहीं है। शिक्षकों को इस अनिवार्यता से मुक्त किया जाए।

# कई बार हो चुका भूमि पूजन पर बांध का काम शुरू नहीं हुआ

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

- कांग्रेसी नेता नीलांशु चतुर्वेदी ने सरकार पर किया कटाक्ष

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांशु चतुर्वेदी ने दौरीसागर बांध परियोजना के क्रियान्वयन में हो रही देरी पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। पूर्व विधायक ने कटाक्ष किया कि बांध का काम शुरू नहीं किया गया पर भूमि पूजन कई बार किया जा चुका है।

नीलांशु ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण इस बांध परियोजना को वर्ष 2022 में स्वीकृति दी थी। इसे 227.55 करोड़ रुपये से बनना है। इससे क्षेत्र के हजारों किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचता। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति और इतने महत्वपूर्ण कार्य को वर्षों पूर्व स्वीकृत किए जाने के बाद भी आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। पूर्व विधायक ने सवाल किया है कि जिस कार्य का भूमिपूजन चुनाव के पहले चुनावी लाभ लेने को हो चुका है, उसी परियोजना का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बार-बार भूमिपूजन क्यों और कितनी बार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सिर्फ जनता को गुमराह करने और चुनावी लाभ लेने की कोशिश है। सरकार की मंशा काम शुरू करने की नहीं है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है ताकि क्षेत्र की जनता को स्वीकृत परियोजना का लाभ मिल सके।

# रामघाट पर बने होटल को दी जाए नोटिस : डीएम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने होटल कारोबारियों के साथ बैठक की। उन्होंने होटल कारोबारियों से अनुरोध किया कि वे होटलों में मिलेट्स (मोटा अनाज) से बने खाद्य उत्पाद बेचें। इसके अलावा अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाएं, मानचित्र स्वीकृति आदि के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सचिव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया कि रामघाट पर बने होटल इन, जो शीशे से निर्मित है, को नोटिस निर्गत करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। होटलों में मूलभूत सुविधाएं सफाई, शुद्ध पेयजल, पार्किंग आदि की सुविधाएं दुरुस्त की जाएं तो न केवल जिले की अलग पहचान बनाई जा सकती है बल्कि होटल व्यवसायी के रूप में आय को भी बढ़ाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने होटल व्यवसायियों के समक्ष प्रमुख रूप से बुंदेलखंडी उत्पाद को बढ़ावा देने व एकरूपता लाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आगामी दिवसों में मिलेट महोत्सव कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें होटल व्यावसायियों के मीनू को लांच किया जाएगा। जिलाधिकारी ने होटलों में प्लास्टिक की बोतलों की जगह कांच की बोतलों के प्रयोग, परिसर में पार्क झूले आदि लगवाने, टूथपेस्ट, साबुन आदि के लिए कागज की बनी थैलियों का प्रयोग, अग्निशमन उपकरण आदि संबंधी निर्देश दिए।


होटल व्यावसायियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

### मानचित्र संशोधन के लिए दो महीने का समय

डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही होटल का संचालन करें। अगर किसी ने ऐसा नहीं किया है तो दो माह के अंदर मानचित्र संशोधित करा ले अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से जांच करने को कहा।

### ट्रैक्टरों में लगाया गया रिफ्लेक्टर

**चित्रकूट।** ठंड के मद्देनजर घने कोहरे में दृश्यता कम होने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रविवार को परिवहन विभाग ने 25 ट्रैक्टरों में रिफ्लेक्टर लगाया।

क्रिकेट मैच | डीएम बेस्ट बैटर और सदर विधायक बने बेस्ट फील्डर

# सद्भावना मैच में डीएम इलेवन ने हासिल की जीत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में रविवार को चित्रकूट चैलेंज कप का सद्भावना मैच खेला गया। इसमें जिलाधिकारी एकादश ने नागरिक एकादश को आठ विकेट से हरा दिया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग मैच के सर्वश्रेष्ठ बैटर और सदर विधायक अनिल प्रधान सर्वश्रेष्ठ फील्डर रहे। इस दौरान मैच का आनंद लेने के लिये सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम और जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया। टास जीतकर निर्धारित 16 ओवर में नागरिक एकादश ने 98 रन बनाए। अभय श्रीवास्तव ने 12, स्वप्निल अग्रवाल ने 15, अतुल अग्रवाल ने 19 एवं रोहित गुप्ता ने 12 रन बनाए। जिलाधिकारी एकादश के बली, डॉ. विवेक व स्वप्निल ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिलाधिकारी एकादश ने लक्ष्य को 10.3 ओवर में केवल दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कप एवं पदक देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को 27 रन एवं एक विकेट प्राप्त करने पर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जिलाधिकारी को बेस्ट बैटर, अपर जिलाधिकारी नमामिगंगे स्वप्निल यादव को बेस्ट बॉलर, विधायक अनिल प्रधान को बेस्ट फील्डर एवं नागरिक एकादश के कप्तान अमित अग्रवाल को बेस्ट विकेटकीपर चुना गया। अंपायर फिरोज अंसारी, राहुल धुरिया, कमेंटेटर सर्वेश निगम, संतोष धुरिया और स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। सोमवार को पूल बी के पहले मैच में मध्य प्रदेश की जबलपुर एवं उत्तर प्रदेश की कानपुर टीमों के मध्य मुकाबला होगा।


ट्राफी के साथ विजयी टीम के खिलाड़ी जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और अन्य।


फीता काटकर नई पुलिस चौकी का लोकार्पण करते एसपी अरुण कुमार सिंह।

# भैसौंधा में खुली नई पुलिस चौकी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भरतकूप थाना क्षेत्र के भैसौंधा गांव में रविवार को नई पुलिस चौकी स्थापित की गई। इसका लोकार्पण पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने किया। चौकी प्रभारी एसआई अभिषेक सिंह बनाए गए हैं। इससे आसपास के नौ गांव जुड़े हैं।

एसपी ने आशा जताई कि यह चौकी सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी। आने वाले समय में यह रिपोर्टिंग चौकी होगी।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम RUBI FATIMA था अब मैने बदलकर अपना नाम ROOBI FATMA रख लिया है भविष्य में मुझे ROOBI FATMA के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: MAZHAR MIRZA R/O : 337/133, HATA BURHAN SAHAB SADATGANJ, LUCKNOW

**सूचना**

मैने अपना नाम SANDEEP KUMAR से बदलकर SANDEEP रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAJU ADD-VILL AND POST-MAWAI DIST-AYODHYA-224001 (U.P.)

**सूचना**

मैं प्रतिमा भारती पुत्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्रा. छिवलहा, पर. सरेनी, त. लालगंज, जिला रायबरेली की निवासी हूं। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में सही नाम प्रतिमा भारती अंकित है, जबकि बान्ड में सुमीरन दर्ज है। मुझे दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है। सही नाम प्रतिमा भारती है, जिसे बान्ड में दर्ज किया जाए।

**सूचना**

मैं निहाल अहमद पुत्र जिलकाद अहमद निवासी L–166 आवास विकास कालोनी बड़गांव जिला गोण्डा, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम NIHAL AHMAD अंकित है, जबकि त्रुटिवश मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम NEHAL AHMAD दर्ज हो गया था। आधार कार्ड में अंकित नाम NIHAL AHMAD ही सही एवं प्रमाणित है। अतः अनुरोध है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में भी मेरा सही नाम NIHAL AHMAD ही अभिलेखित किया जाए।

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पालिसी सं0 213856551 बीमा धन 40,000 पालिसी धारक संजय कुमार पाल की पॉलिसी में नामिनी केशन दुलारी दर्ज है, जबकि आधार व पासबुक में विशुन कुमारी दर्ज है। दोनो नाम एक ही है। **केशन दुलारी पत्नी संजय कुमार पाल निवासी ग्रा., पो.. इब्राहिमपुर, सरेनी, रायबरेली**

**सूचना**

मैं संदीप उर्फ संजीव कुमार पुत्र स्व0 गुरुदीन ग्राम मेड़ौली, पोस्ट सेनी, विकास क्षेत्र खीरों, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली का मूल निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 215575483 में मेरा नाम संजीव कुमार अंकित है। जबकि मेरा नाम आधारकार्ड, पैनकार्ड व बैंक खाते आदि में संदीप अंकित है। मैं संदीप व संजीव कुमार दोनों नामों से जाना पहचाना जाता हूं।

**Notice**

That I have changed my name from Suman to Suman Yadav and my date of birth to 01.01.1978. Both are my names. In all my documents, my name should be written and read as Suman Yadav. Suman Yadav, W/o Ghanshyam Yadav.

**सूचना**

मैं सोनम शुक्ला पुत्री छेदीलाल ग्राम तुलसीपुर खरिका पोस्ट लोहिया नगर विकास खण्ड रामपुर मथुरा जिला सीतापुर, मेरा वर्ष 2021 बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 21252323 तथा बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष 2022 अनुक्रमांक 21298508 व बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष 2023 अनुक्रमांक 20220346410392 का साई डिग्री कालेज बेलहरा रोड़ फतेहपुर जिला बाराबंकी के अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

